संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक -08 शनिवार ,09 नवम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## देश की संक्षिप्त खबरें

### दुनिया की कोई भी ताकत कश्मीर में आर्टिकल 370 की वापसी नहीं करा सकती



**धुले,08 नवम्बर 2024 (ए)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 को लेकर मचे कोहराम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के धुले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस पर जोरदार प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में केवल बाबा साहेब अंबेडकर का ही संविधान चलेगा। दुनिया की कोई भी ताकत कश्मीर में आर्टिकल 370 की वापसी नहीं करा सकती है।

### नोटबंदी विश्व का सबसे बड़ा घोटाला



**» इसके कारण भ्रष्टाचार बढ़ा : तेजस्वी यादव**

**पटना,08 नवम्बर 2024 (ए)।** बिहार विधानसभा में नेता विपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को भाजपा पर नोटबंदी को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज नोटबंदी की आठवीं बरसी है। नोटबंदी विश्व का सबसे बड़ा घोटाला है। इसके कारण भ्रष्टाचार में बेतहाशा वृद्धि हुई। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने देशभर के प्रत्येक जिले में अपने लिए जमीनें खरीदी, फाइव स्टार कार्यालय बनवाए, हजारों करोड़ के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे। स्विस बैंकों में 2014 के बाद भारत का काला धन बढ़ा, आतंकवादी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई।

# हिमाचल की सियासत में समोसा विवाद उबाल पर


## जब सीएम सुक्खू नहीं खाते तो किसके लिए आए समोसे,क्यों हो रही जांच

**शिमला,08 नवम्बर 2024 (ए)।** हिमाचल प्रदेश में समोसा विवाद लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। बीजेपी ने आरोप लगाए कि सीएम सुक्खू के समोसे किसी और ने खा लिए तो हिमाचल सरकार ने सीबीआई जांच बैठा दी। इसके बाद सरकार से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि कोई सीबीआई जांच नहीं बैठाई गई है। सीआईडी की तरफ से भी कहा गया कि यह उनका अंदरूनी मामला है और इसमें अन्य लोगों को नहीं घसीटा जाना चाहिए। अंत में सीएम सुक्खू ने एक इंटरव्यू में कह दिया कि वह समोसे खाते ही नहीं हैं। ऐसे में यह सवाल है कि फिर समोसे आए किसके लिए थे और बवाल क्यों हो रहा है।

सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में सीआईडी के एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। सीआईडी मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए लक्कड़ बाजार स्थित होटल रेडिसन ब्लू से समोसे और केक के तीन डिब्बे मंगवाए गए थे। हालांकि,ये स्नैक्स सीएम तक नहीं पहुंचे और सुरक्षा टीम को परोस दिए गए। इस मामले की जांच डिप्टी एसपी स्तर के एक अधिकारी ने की और इस घटना को सरकार विरोधी कृत्य कह दिया इसके बाद बवाल मच रहा है।

### बीजेपी ने क्या कहा ?

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने समोसे और केक को लेकर उठे विवाद पर प्रदेश सरकार पर चुटकी लेते हुए कहा कि समोसे ना मिलने पर अगर सीआईडी जांच बिठाई जा सकती है तो ऐसे में हिमाचल प्रदेश सरकार की क्या प्राथमिकता है यह साफ तौर पर नजर आता है। उन्होंने कहा कि इस वक्त हिमाचल प्रदेश में और भी कई बड़ी समस्याएं हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश सरकार का ध्यान केवल खाने-पीने की चीजों पर ही है। समोसे ना मिलने पर सीआईडी जांच बिठाई जा रही है। यही नहीं इस घटना को सरकार विरोधी भी





### किसके लिए आए थे समोसे,क्यों हो रहा बवाल

सीएम के मीडिया एडवाइजर के अनुसार वह बाहर का खाना नहीं खाते हैं। ऐसे में समोसे और केक कार्यक्रम में शामिल अन्य अधिकारियों के लिए मंगाए गए थे। अब अधिकारियों का नाश्ता सुरक्षाकर्मी खा गए तो बवाल होना ही था। इसी वजह से जांच बैठाई गई और इसे सरकार विरोधी कृत्य कहा गया। हालांकि, विपक्ष ने इसे अलग ही रंग दे दिया और अब सीएम को भी सफाई देनी पड़ी है।

बताया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में पिछले दो सालों से विकास कार्य बंद पड़े हैं, लेकिन प्रदेश सरकार का उसे और कोई भी ध्यान नहीं है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री को चाहिए कि इन सब छोटी-मोटी बातों को छोड़कर विकास कार्यों की ओर ध्यान दें।

### सीआईडी की सफाई

समोसा जांच विवाद को लेकर सीआईडी महानिदेशक संजीव रंजन ओझा ने कहा है कि यह सीआईडी का आंतरिक मामला है। अंतरिम जांच रिपोर्ट वायरल होना चिंता का विषय है। किसी भी कर्मचारी के खिलाफ नोटिस जारी नहीं किया गया है। मामले का राजनीतीकरण करना दुर्भाग्यपूर्ण है। सीआईडी की आंतरिक जांच रिपोर्ट में पाया गया कि सीएम के लिए समोसे लाने का काम एक एसआई को दिया गया था, जिसने अपने जूनियर कर्मचारियों को यह काम सौंप दिया। इसके बाद समोसे और केक आए, लेकिन गलफहमी में उन्हें सुरक्षा टीम में बांट दिया गया। कार्यक्रम के अंत में एक अधिकारी ने पूछा कि जो सामान मंगाया गया था, उसका क्या हुआ तो मामले का खुलासा हुआ।

### नेता प्रतिपक्ष का बयान

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का ने समोसा कांड पर कहा कि एक समोसा सरकार विरोधी कृत्य कैसे हो गया? समोसा तो विपक्ष के लोगों ने खाया नहीं। सरकार की पोती मशीनरी समोसा खाने वाले का पता लगाने में लग गई है। प्रदेश में हर स्तर पर अराजकता और भ्रष्टाचार चरम पर है।

### सीएम के मीडिया एडवाइजर का बयान

सीएम सुक्खू के मीडिया एडवाइजर नरेश चौहान का कहना है कि सरकार ने ऐसी कोई जांच करने के आदेश नहीं दिए। इस मामले से सरकार का कोई लेना देना नहीं है। सीआईडी विभाग का ये आंतरिक मामला है और वे अपने स्तर पर मामले की जांच कर रहा है। सबको पता है कि मुख्यमंत्री बाहर का खाना नहीं खाते हैं। ऐसे में यह केवल सरकार को बदनाम करने की साजिश रची गई है। भाजपाई नेता बेवजह मामले को तूल दे रहे हैं। क्योंकि भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है, लिहाजा इस मसले के जरिए गलत तरीके से कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रचार किया जा रहा है।

# भारतीय रेल ने बनाया बड़ा नया रिकॉर्ड

**» एक दिन में 3 करोड़ यात्रियों ने किया सफर...**

**नई दिल्ली,08 नवम्बर 2024 (ए)।** भारतीय रेल ने यात्री संख्या के मामले में एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। रेल मंत्रालय के अनुसार, 4 नवंबर 2024 को कुल 3 करोड़ से अधिक यात्रियों ने ट्रेन से सफर किया, जो देश के परिवहन इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

रेल मंत्रालय के हालिया बयान के अनुसार, 4 नवंबर को 120.72 लाख नॉन-सबअर्बन यात्रियों ने ट्रेन में यात्रा की, जिसमें 19.43 लाख आरक्षित और 101.29 लाख अनारक्षित यात्री शामिल थे। इसके साथ ही, रिकॉर्ड 180 लाख सबअर्बन यात्रियों ने भी भारतीय रेल का उपयोग किया। इन सभी यात्रियों की संख्या को मिलाकर भारतीय रेल ने अपने



संचालन में एक नया मानदंड स्थापित कर दिया है।

### त्योहारी सीजन में बढ़ा यात्री संख्या का दबाव

भारतीय रेल की यह उपलब्धि साल के सबसे व्यस्त त्योहारी सीजन के दौरान हासिल की गई है, जिसमें दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर लाखों यात्री यात्रा करते हैं। ऐसे समय में विभिन्न राज्यों से आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या में भारी इजाफा होता है और अधिकतर यात्री ट्रेन का सफर ही चुनते हैं। इस वजह से रेल यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है।

### भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष ट्रेन सेवाएं

त्योहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक कुल 7,663 स्पेशल ट्रेन सेवाएं शुरू की हैं, जो पिछले साल की तुलना में 73 प्रतिशत अधिक हैं। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को सुविधाजनक और सुचारू यात्रा अनुभव प्रदान करना है। इस रिकॉर्ड ने भारतीय रेल की कुशलता और उसकी व्यवस्थित यात्री प्रबंधन प्रणाली को दर्शाया है, जो देश के विशाल और विविधता भरे यात्री आधार को सेवा देने में सफल रही है। भारतीय रेल इस उपलब्धि को देश की परिवहन प्रणाली में अपनी मजबूती का प्रतीक मान रही है।



# सुप्रीम कोर्ट ने 1967 का फैसला किया खारिज

### तीन जजों की नई बेंच करेगी पुनर्निर्धारण

**नई दिल्ली,08 नवम्बर 2024 (ए)।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक दर्जे पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अहम फैसला सुनाते हुए 1967 के फैसले को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने इस मामले में तीन जजों की एक नई बेंच गठित करने का निर्देश दिया है, जो विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे को नए सिरे से तय करेगी। कोर्ट ने 4-3 के बहुमत से यह निर्णय दिया, जिसमें चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा एकमत थे, जबकि जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने असहमति जताई।

# पुरुष दर्जी नहीं ले सकेंगे महिलाओं का माप

**» उत्तर प्रदेश महिला आयोग का प्रस्ताव**



**नई दिल्ली,08 नवम्बर 2024 (ए)।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एक नया प्रस्ताव पेश किया है, जिसके तहत पुरुष टेलर महिलाओं के कपड़े सिलने के लिए उनकी नाप नहीं ले सकेंगे। इसके स्थान पर महिला टेलर नियुक्त करना अनिवार्य होगा। साथ ही, जिम में भी महिलाओं के लिए महिला ट्रेनर रखने का प्रस्ताव दिया गया है ताकि वे किसी भी प्रकार के बैड टच से सुरक्षित रहें। आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने इस प्रस्ताव को महिलाओं की सुरक्षा और रोजगार दोनों के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह कदम महिलाओं के आत्मसम्मान और उनके कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

चौहान ने यह भी सुझाव दिया कि अगर किसी ब्यूटी पार्लर में पुरुष कर्मचारी हों और महिलाएं उनकी सेवाएं लेना चाहें, तो उन्हें लिखित सहमति देनी होगी। साथ ही, पार्लर, जिम और टेलर की दुकानों पर पुरुष कर्मचारियों की मौजूदगी का सत्यापन पुलिस द्वारा कराया जाएगा।महिला आयोग की 28 अक्तूबर को हुई बैठक में जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे महिला जिम, योगा सेंटर, स्कूल, नाट्य कला केंद्र, बुटीक और कोचिंग सेंटर में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। महिला जिम और योगा सेंटर में महिला ट्रेनर अनिवार्य होंगे और उनकी निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे सक्रिय किए जाएंगे। स्कूल बसों में महिला सुरक्षा कर्मी या शिक्षिका की उपस्थिति को अनिवार्य किया गया है, वहीं, नाट्य कला केंद्रों में महिला डांस ट्रेनर नियुक्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं।




## रांची और हजारीबाग में 2.41 करोड़ की अफीम और 29 लाख रुपए जब्त

**रांची,08 नवम्बर 2024 (ए)।** झारखंड पुलिस ने शुक्रवार को रांची शहर और हजारीबाग जिले के चौपारण में छापेमारी कर 2.41 करोड़ रुपए मूल्य की अफीम और 29 लाख रुपए नगद बरामद किए हैं। अफीम के कारोबार के सरगना विजय कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। वह चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के लमटा गांव का रहने वाला है। उसके पास से दो एसयूवी (फॉर्च्यूनर और क्रेटा) और एक बुलेट मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार ने बताया कि इस कारोबार में इंटर स्टेट रैकेट संलिप्त है। गिरोह के लोग पंजाब और हरियाणा में भी सक्रिय हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए इन दोनों राज्यों के साथ-साथ झारखंड में कई ठिकानों पर रेड डाली जा रही है।

# बटेंगे तो कटेंगे नारे के बाद सीएम योगी ने दिया नया नारा



**मुजफ्फरनगर,08 नवम्बर 2024 (ए)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मोरना में विधानसभा उपचुनाव में मीरापुर सीट के अपने पक्ष के उम्मीदवार के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जहां दिखे सपाई, वहां बिटिया घबराई। यह सपा का नया ब्रांड है। यह बेटी-बहन की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा 2012 से 2107 के बीच में एक नारा चलता था। एक बार मैं मुजफ्फरनगर आया था, तब एक नौजवान भीड़ से कह रहा था कि जिस गाड़ी पर सपा का झंडा, समझो बैठा है कोई गुंडा। आज मैं कह सकता हूं, जहां दिखे सपाई, वहां बिटिया घबराई। इनके कारनामे अयोध्या और कन्नौज में देखने को मिले हैं। इनको लोकलाज नहीं है। बेटियों और बहन की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले लोग हैं। इनके वास्तविक संस्कार देखने हैं तो सपा के सोशल मीडिया के हैंडल देखें, कितने घटिया स्तर की बातें करते हैं। यह सपा के चरित्र को दिखाता है। डबल इंजन की सरकार बेटी और बहन के साथ खिलवाड़ नहीं करने देगी।

# समोसे में मिली छिपकली,खाने से बच्चे की तबीयत हुई खराब

**रीवा,08 नवम्बर 2024 (ए)।** मध्य प्रदेश के रीवा से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक समोसे में छिपकली निकलने से हड़कंप मच गया है और इसके चलते एक पांच साल के बच्चे की तबीयत खराब हो गई है। दरअसल रीवा में 5 साल के बच्चे की समोसा खाने के बाद तबीयत बिगड़ गई। उसे उल्टियां शुरू हो गई और पेट में दर्द होने लगा। परिजनों ने उसे संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर बच्चे की हालत ठीक है। बच्चे के परिजनों ने होटल के मालिक के खिलाफ सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।



बताया जा रहा है कि बच्चे ने जो समोसा खाया उसमे छिपकली थी जिसे खाने के बाद बच्चे की तबीयत खराब हो गई। गुरुवार की रात रीवा के एक होटल का समोसा खाने के कारण एक बच्चे की हालत बिगड़ गई। समोसे के अंदर आलू की जगह छिपकली निकली जिसे खाते ही बच्चे की हालत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर अब उसकी हालत ठीक है। बताया जा रहा है कि यह घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत दीनदयाल धाम पड़रा की है जहां सड़क किनारे संचालित सुरेश होटल में बच्चे ने समोसा खाया था। इस होटल में रोज लोगों की भीड़ लगती है जहां खुले में लोगों को खाने की जगह जहर परोसा जा रहा है।

बच्चों के परिजनों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद होटल संचालक को इस बात की सूचना दी गई थी लेकिन इसके बाद भी होटल में धड़ल्ले से जहरीला खाद्य पदार्थ बेचा जा रहा था। समोसे के अंदर पूरी छिपकली का सिर बकाया था जबकि आधी छिपकली बच्चे के शरीर के अंदर जा चुकी थी। बच्चे के परिजनों ने होटल के मालिक के खिलाफ सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# टेक उद्योगपति शिव नादर बने देश के सबसे बड़े दानदाता

**» हर दिन दान किए 5.90 करोड़ रुपए**

**नई दिल्ली,08 नवम्बर 2024 (ए)।** टेक उद्योगपति शिव नादर लगातार पांचवे साल देश के सबसे बड़े दानदाता बने हैं, जिन्होंने हर दिन 5.90 करोड़ रुपए का दान दिया। इस सूची में 1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 के बीच के दान के आंकड़ों को शामिल किया गया है।

दूसरे स्थान पर अंबानी परिवार~ इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर अंबानी परिवार है, जिन्होंने 407 करोड़ रुपए का दान दिया। इस साल सूची में सबसे ज्यादा दानवीर मुंबई से हैं (61), जबकि नई दिल्ली से 39, बेंगलुरु से 18, हैदराबाद से 12 और पुणे से 11 लोग



शामिल हुए हैं। अहमदाबाद से 9, चेन्नई और कोलकाता से 8-8, गुरुग्राम से 5 और सूरत से 3 लोग भी इस सूची में शामिल हैं।

### महिलाओं में रोहिणी नीलेकणि सबसे आगेः-

154 करोड़ रुपए के योगदान के साथ, रोहिणी नीलेकणि देश की सबसे बड़ी महिला दानदाता बनीं। वहीं, नंदन नीलेकणि ने 307 करोड़ रुपए दान देकर सूची में छठा स्थान प्राप्त किया।

### अदाणी परिवार के दान में 16 प्रतिशत की वृद्धिः-

गौतम अदाणी और उनके परिवार ने 330 करोड़ रुपए का दान किया, जो पिछले साल की तुलना में 16त्न अधिक है। अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से ये दान शिक्षा, कौशल विकास और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में किया गया।

### शिक्षा के लिए सबसे अधिक दान

3,680 करोड़ रुपए का दान शिक्षा क्षेत्र के लिए दिया गया, जिसमें 123 दानदाताओं ने योगदान दिया। यह पिछले वर्ष की तुलना में 138त्न की बढ़ोतरी है। इसके बाद स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 626 करोड़ रुपए, ग्रामीण विकास के लिए 331 करोड़ रुपए, पर्यावरण के लिए 177 करोड़ रुपए और इकोसिस्टम बिल्डिंग के लिए 202 करोड़ रुपए का दान दिया गया।

सीएसआर में रिलायंस शीर्ष पर~ कॉर्पोरेट सीएसआर योगदान में, रिलायंस इंडस्ट्रीज 900 करोड़ रुपए के साथ पहले स्थान पर रही। इसके बाद जिंदल स्टील एंड पावर ने 228 करोड़ रुपए का सीएसआर योगदान किया, जो निर्धारित सीमा से 50 करोड़ रुपए अधिक है।

## संपादकीय

### भारत को अब भी सतर्कता बरतने की जरूरत

फिलहाल समझौता यह हुआ है कि देपसांग और देमचोक में भारतीय बल उस बिंदु तक पेट्रोलिंग कर सकेंगे, जहां तक वे जून 2020 तक जाते थे। ये पूरा समाधान नहीं है, फिर भी स्वागतयोग्य है। इससे आगे का रास्ता निकलता है।

भारत-चीन के बीच लद्दाख सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सवा चार साल से जारी गतिरोध के समाधान की दिशा में दोनों देशों ने महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है। हालांकि यह पहला कदम है, फिर भी दोनों देशों के रुख में बदलाव का यह स्पष्ट संकेत है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने ब्रिक्स प्लस शिखर सम्मेलन शुरू होने से एक दिन पहले सोमवार को एलान किया कि दोनों देश टकराव के बचे दोनों स्थलों- देपसांग और देमोचोक में भी अपनी सेनाओं को पीछे लौटाने पर राजी हो गए हैं।

वैसे भारत की मांग रही है कि चीन ने अप्रैल 2020 के बाद पूरे एलएसी पर सेना की जो असामान्य तैनाती कर रखी है, उसे वह वापस ले। उसके बाद दोनों देश संबंध सुधार की तरफ बढ़ें। मगर फिलहाल समझौता यह हुआ है कि देपसांग और देमचोक में भारतीय बल उस बिंदु तक पेट्रोलिंग कर सकेंगे, जहां तक वे जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के पहले जाते थे। इस पेट्रोलिंग के साथ भी कुछ शर्तें जुड़ी होंगी। इनमें एक यह भी है कि दोनों देश जब वहां पेट्रोलिंग के लिए जाएंगे, तो उसके पहले एक दूसरे को सूचित करेंगे। इस तरह ये पूरा समाधान नहीं है, फिर भी स्वागतयोग्य है। इससे आगे का रास्ता निकलता है।इसके अलावा आर्थिक एवं भू-राजनीति के क्षेत्र में सहयोग के लिए भी अनुकूल स्थितियां बनेंगी। ब्रिक्स प्लस एवं शंघाई सहयोग संगठन जैसे उभरते मंचों पर भारत और चीन जैसे बड़े देशों के तनाव का असर साफ नज़र आता था। आशा है कि ग्लोबल साउथ की आवाज बन रहे ऐसे मंच अब उस असर से बच पाएंगे। इसका संकेत रूस के कजान शहर में शुरू हो चुके ब्रिक्स प्लस शिखर सम्मेलन से ही देखने को मिल सकता है। इसके अलावा एलएसी पर अत्यधिक तैनाती से भारत के राजकोष पर जो अतिरिक्त बोझ पड़ रहा था, उससे भी देश राहत पा सकेगा। वैसे कहा जाता है कि जिन देशों से तनावपूर्ण संबंध हों, उनके हर कदम पर यकीन पूरे सत्यापन के बाद ही किया जाना चाहिए। भारत को यह सतर्कता अब भी बरतने की जरूरत है।

# अपराधियों को बचाने में अधिकारियों की संलिप्तता



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

*इन दिनों हम देखते है कि देश भर में उच्च पदों पर बैठे कुछ अफसरों के भ्रष्टाचार और यौन अपराधों में खुद के शामिल होने और अपराधियों को बचाने में उनकी सलिंप्तता के मामले बढ़ते जा रहे हैं जो देश और समाज के लिए सही संकेत नहीं हैं। आखिर कौन-सी वजह हैं कि उच्च पद आसीन व्यक्तित्व (सभी नहीं) इन घिनौनी हरकतों को रोकने कि बजाय खुद इनको अंजाम देने पर तुले हैं। ऐसे में लिप्त अधिकारी के बारे में नकारात्मक बातें कर लोग उसकी अवहेलना करने लगते हैं। अवहेलना के कारण अधिकारी के प्रति अविश्वास पैदा होता है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के पुलिस हिरासत में साक्षात्कार मामले में हाईकोर्ट ने पाया कि पुलिस अधिकारियों ने अपराधी को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का उपयोग करने की अनुमति दी और साक्षात्कार के लिए स्टूडियो जैसी सुविधा प्रदान की जो अपराध को महिमामंडित करने जैसा है।*

जब अधिकारी अनैतिक आचरण में लिप्त होते हैं, तो कानून प्रवर्तन में जनता का भरोसा कम होता है, जिससे संस्थाओं में विश्वास टूटता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट में पुलिस भ्रष्टाचार को भारत के सार्वजनिक संस्थानों में अविश्वास का एक प्रमुख कारण माना गया है। जब कानून प्रवर्तन अपराधियों को बचाता है, तो यह दो-स्तरीय न्याय प्रणाली बनाता है, जहाँ शक्तिशाली लोग परिणामों से बच निकलते हैं। वोहरा समिति की रिपोर्ट (1993) ने अपराधियों, राजनेताओं और पुलिस के बीच सांठगांठ का खुलासा किया, जिससे कानून प्रवर्तन की अखंडता से समझौता हुआ।



अपराधियों को बचाने में शामिल अधिकारी पीड़ितों को न्याय से वंचित करने में योगदान करते हैं, जिससे दंड से मुक्ति का चक्र चलता रहता है। बिहार और यूपी में हाल ही में हुए हाई-प्रोफाइल मामलों में पुलिस की संलिप्तता प्रभावशाली अपराधियों को बचाने और न्याय में देरी करने में देखी गई है। इस तरह का अनैतिक व्यवहार पुलिस बल के भीतर भ्रष्टाचार की संस्कृति को बढ़ावा देता है, जिससे संभावित रूप से संस्थागत अपराध को बढ़ावा मिलता है। मुंबई पुलिस के भीतर भ्रष्टाचार के घोटालों ने उजागर किया कि कैसे वित्तीय लाभ के लिए अपराधियों को बचाया जाता है। पुलिस द्वारा अपराधियों को संरक्षण दिए जाने की सार्वजनिक जानकारी से अराजकता बढ़ती है और सामाजिक अशांति पैदा होती है, जिससे शासन व्यवस्था कमज़ोर होती है। उत्तर प्रदेश में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए, जब पुलिस द्वारा स्थानीय माफ़िया समूह को संरक्षण दिए जाने की रिपोर्टें सामने आईं।

पुलिस अधिकारियों के लिए मूल्य-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने से उनमें नैतिक व्यवहार और ईमानदारी पैदा हो सकती है, जिससे भ्रष्टाचार कम हो सकता है। दूसरा एआरसी पेशेवर जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए पुलिस प्रशिक्षण में नैतिक मॉड्यूल की सिफ़ारिश करता है। आंतरिक निगरानी और पुलिस शिकायत प्राधिकरण जैसे बाहरी निकायों को मज़बूत करना अनैतिक व्यवहार के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करता है। प्रकाश सिंह मामले (2006) ने पुलिस सुधारों को जन्म दिया, जिसमें स्वतंत्र जवाबदेही तंत्र स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। व्हिसल-ब्लोअर सुरक्षा सुनिश्चित करने से अधिकारी बिना किसी प्रतिशोध के डर के अनैतिक व्यवहार की रिपोर्ट कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता को बढ़ावा मिलता है। व्हिसल-ब्लोअर सुरक्षा अधिनियम (2014) भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले लोक सेवकों के लिए सुरक्षा उपाय प्रदान करता है।

अपराधियों को बचाने वाले अधिकारियों के लिए कठोर कानूनी दंड लगाना एक निवारक के रूप में कार्य करता है, जो नैतिक मानकों का पालन सुनिश्चित करता है। 2023 में, यूपी पुलिस ने आपराधिक साजिशों में शामिल होने के लिए कई अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया, जो शून्य-सहिष्णुता के दृष्टिकोण का संकेत देता है। बॉडी कैम और स्वचालित निगरानी जैसे प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को लागू करने से वास्तविक समय की निगरानी प्रदान करके पुलिस के कदाचार को रोका जा सकता है। तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्य पुलिस की जवाबदेही बढ़ाने के लिए बॉडी कैमरा अपना रहे हैं। समुदाय-पुलिस भागीदारी को मज़बूत करने से विश्वास को बढ़ावा मिलता है और समुदायों को अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराने की अनुमति मिलती है। केरल में जनमैत्री सुरक्षा परियोजना बेहतर पुलिस-समुदाय सम्बंधों को बढ़ावा देती है, जिससे भ्रष्टाचार के मामले कम होते हैं। कानून प्रवर्तन में नैतिक अखंडता का निर्माण करने के लिए संस्थागत सुधार, जवाबदेही तंत्र और कदाचार को रोकने के लिए मज़बूत कानूनी ढांचे की आवश्यकता होती है। प्रशिक्षण और सामुदायिक जुड़ाव द्वारा समर्थित नैतिकता की संस्कृति जनता के विश्वास को बहाल करने और न्याय सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है। ज्ञान,तर्कसंगतता और नैतिक उत्कृष्टता के प्रति समर्पण के अपने स्तर पर निर्भर करता है। आदर्श नैतिक आचरण से कम कुछ भी विभाग, समुदाय और पूरे राष्ट्र के लिए विनाशकारी हो सकता है। जबकि अधिकारी केवल इंसान हैं और गलतियाँ करते रहेंगे, नैतिक कदाचार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अपने अधिकारियों के नैतिक व्यवहार को सुनिश्चित करने के लिए, एजेंसियों के पास तीन बुनियादी सिद्धांत होने चाहिए। सबसे पहले, उनके पास एक नीति होनी चाहिए जो उनके नैतिक मिशन को स्पष्ट करती हो और ऐसे मानक तय करती हो जिनका अधिकारियों को पालन करना चाहिए। दूसरा, मज़बूत और नैतिक नेतृत्व मौजूद होना चाहिए और उसे लागू किया जाना चाहिए। ये अधिकारी विभाग के लिए माहौल बनाते हैं और उदाहरण के तौर पर नेतृत्व करते हैं, नैतिक मार्ग के बदले कभी भी आसान रास्ता नहीं चुनते। तीसरा, एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे नैतिक लोगों को नियुक्त करें और उन लोगों के साथ उचित तरीके से पेश आएँ जो नैतिक नहीं हैं।

एक नैतिक संगठन को मौजूदा नीतियों और मानकों का ईमानदारी से पालन करने, प्रदर्शन के किसी व्यक्तिगत या सामूहिक पैटर्न का पता लगाने की क्षमता की आवश्यकता होगी जो उस अपेक्षा से कम हो और उन लोगों से निपटने का साहस जो उन विफलताओं के लिए ज़िम्मेदार हैं।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## राजस्थान विधानसभा उपचुनाव

# अपना-अपना गढ़ बचाने में लगी हैं सभी पार्टियां

राजस्थान में आगामी 13 नवंबर को सात विधानसभा सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। सात में से पांच विधानसभा सीटों



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

झुंझुनू,दौसा,खींवसर,देवली-उनियारा, चौरासी में वहां के विधायकों के सांसद बनने के चलते इस्तीफा देने से उपचुनाव होने जा रहे हैं। वहीं सलूंबर व रामगढ़ में विधायकों की मृत्यु होने के चलते उपचुनाव हो रहे हैं। हालांकि इन विधानसभा उपचुनावो के नतीजों से प्रदेश की राजनीति में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। इससे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार को कोई खतरा होने वाला नहीं है।

मगर इन उपचुनाव के नतीजे का असर प्रदेश की राजनीति में कई पार्टियों व उनके नेताओं के राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करेगा। 2023 के विधानसभा चुनाव में सात विधानसभा सीटों में से चार सीटों पर कांग्रेस पार्टी के विधायक थे। वही एक सीट पर भाजपा, एक पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) व एक पर भारतीय आदिवासी पार्टी (बाप) का विधायक था।

जिन सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे है। उनमें से प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा के पास सिर्फ एक सलूंबर की सीट थी। जहां उनके लगातार तीन बार के विधायक अमृतलाल मीणा के निधन के चलते उपचुनाव हो रहा है। भाजपा के लिए सलूंबर की सीट जीतना प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। इसीलिए भाजपा ने दिवंगत विधायक की पत्नी शांता मीणा को टिकट देकर सहानुभूति का लाभ उठाना चाहती है। इसके अलावा प्रदेश की अन्य विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भी भाजपा पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरी है।

उपचुनाव में हार जीत के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में बहुत अच्छा नहीं रहा था। इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चाहते हैं कि सभी सात सीटों पर उपचुनाव में उनकी पार्टी के प्रत्याशियों को विजय बनवाकर भाजपा आला कमान की नजरों में अपनी मजबूत छवि बना सके। भाजपा प्रदेश की सभी सातों सीटों पर पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने समय रहते अपने सभी बागियों को मना कर एकजुटता का संदेश देने में सफल रही है। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ उतरे बागियों को चुनाव से हटाने में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयास सफल रहे हैं।

प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों के उपचुनाव में विजय हासिल करने के चक्कर में भाजपा ने अपनी नीति व सिद्धांतों को भी ताक पर रख दिया है। दौसा सीट पर राजस्थान सरकार में मंत्री डॉक्टर किरोडीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को प्रत्याशी बनाया है। जबकि दौसा सीट सामान्य वर्ग की सीट है। मगर भाजपा ने डॉक्टर किरोडीलाल मीणा के दबाव में अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशी को मैदान में उतार दिया है। डॉक्टर किरोडीलाल मीणा के भतीजे राजेन्द्र मीणा भी महुआ से विधायक है। इस तरह एक परिवार के तीन लोगों को पार्टी ने टिकट देकर परिवारवाद को बढ़ावा दिया है।

वही 2023 के विधानसभा चुनाव में झुंझुनू से भाजपा के प्रत्याशी निशित कुमार उर्फ बबलू के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले राजेंद्र भांभू व रामगढ़ से भाजपा प्रत्याशी जय आहूजा के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले सुखवंत सिंह को टिकट देकर मैदान में उतार दिया है। देवली-उनियारा सीट पर भी भाजपा ने पिछली बार चुनाव लड़े कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैसला का टिकट काटकर पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर को मैदान में उतारा है। वहीं खींवसर सीट पर रालोपा के अध्यक्ष व नागौर के सांसद हनुमान बेनीवाल को पिछले विधानसभा चुनाव में कड़ी टक्कर देकर मात्र 2059 वोटो से हारने वाले रेवतराम डागा को फिर से मैदान में उतारा है।




चौरासी सीट पर पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की करारी हार हुयी थी। इस बार भाजपा ने वहां नया प्रत्याशी कारीलाल ननोमा को मैदान में उतारा है। भाजपा प्रत्याशी सीमलवाड़ा पंचायत समिति के प्रधान है तथा सादड़िया के सरपंच रह चुके हैं। अब उनकी पुत्रवधू रेखा सरपंच है। उनकी पत्नी हाकली देवी भी सरपंच रह चुकी है। क्षेत्र में अच्छी पकड़ होने के कारण राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि इस बार वहां भाजपा कड़ी टक्कर दे सकती है।

कांग्रेस को अपनी चार सीट झुंझुनू, दौसा, देवली-उनियारा व रामगढ़ फिर से जितनी होगी। साथ ही अन्य तीन सीटों पर भी अपनी ताकत दिखानी होगी कांग्रेस ने झुंझुनू सें सांसद बने बृजेंद्र सिंह ओला के बेटे अमित ओला को मैदान में उतारा है। अमित ओला ओला परिवार की तीसरी पीढ़ी है तथा उनके दादा शीशराम ओला झुंझुनू से पांच बार सांसद नौ बार विधायक केंद्र तथा राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे। वहीं रामगढ़ सीट पर दिवंगत विधायक जुबेर खान के पुत्र आर्यन खान को उतार कर सहानुभूति के बल पर चुनाव जीतना चाहती है।

दौसा सामान्य सीट पर कांग्रेस ने अनुसूचित जाति के दीनदयाल बैरवा को टिकट देकर मैदान में उतारा है। देवली-उनियारा से पूर्व अधिकारी कस्तूर चंद मीणा को मैदान में उतारा है। यहां कांग्रेस के बागी नरेश मीणा चुनाव को त्रिकोणात्मक बना रहे हैं। नरेश मीणा को कांग्रेस पार्टी मनाने में नाकाम रही है। जिसके चलते कांग्रेस प्रत्याशी की स्थिति ज्यादा बेहतर नहीं मानी जा रही है।

सलूंबर में कांग्रेस ने 2018 में निर्दलिय चुनाव लड़कर कांग्रेस को हराने वाली रेशमा मीणा को मैदान में उतारा है। जिससे नाराज होकर सांसद, विधायक व मंत्री रह चुके रघुवीर मीणा अंदर खाने पार्टी प्रत्याशी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। चौरासी सीट पर कांग्रेस पार्टी ने इस बार 29 साल के नए प्रत्याशी महेश रोत को मैदान में उतारा है। खींवसर सीट पर कांग्रेस पार्टी ने महिला प्रत्याशी रतन चैधरी को मैदान में उतार कर हनुमान बेनीवाल के वोट बैंक में बड़ी सेंध लगाई है। जिसका फायदा भाजपा को हो सकता है।

खींवसर सीट पर रालोपा के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है। पिछला विधानसभा चुनाव वह मात्र 2059 वोटो से जीते थे। फिर कांग्रेस से गठबंधन कर नागौर से सांसद चुने जाने पर उन्होंने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया था। अब उन्होंने अपनी पत्नी कनिका बेनीवाल को मैदान में उतारा है। यहां उनका मुकाबला भाजपा के रेवत राम डागा व कांग्रेस की रतन चैधरी से होगा। हनुमान बेनीवाल ने 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के रेवत राम डागा को महज 2059 वोटो से हराया था। विधानसभा उपचुनाव में यदि हनुमान बेनीवाल की पत्नी चुनाव हार जाती है तो उनकी पार्टी का विधानसभा में प्रतिनिधित्व तो समाप्त होगा ही साथ ही उनका प्रदेश की राजनीति में प्रभाव भी काम हो जायेगा। इसलिए हनुमान बेनीवाल के लिए उपचुनाव में करो व मारो वाली स्थिति बनी हुई है।

आदिवासी बहुल चैरासी विधानसभा सीट पर पिछले विधानसभा चुनाव में आप पार्टी के अध्यक्ष राजकुमार रोत 69166 वोटो से चुनाव जीते थे। उनके बांसवाड़ा-डूंगरपुर से सांसद बनने के चलते इस्तीफा देने से खाली हुई चौरासी सीट पर उपचुनाव हो रहा है। आदिवासी बेल्ट में बाप पार्टी का प्रभाव लगातार प्रभाव बढ़ रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में बाप पार्टी के तीन विधायक जीते थे। चौरासी सीट पर कांग्रेस व भाजपा ने भी इस बार नए प्रत्याशियों को मौका दिया है। वही बाप पार्टी का बागी बदामीलाल ताबियाड़ भी चुनाव मैदान में खड़ा है। उनकी पत्नी शर्मिला अभी चिखली पंचायत समिति की प्रधान है। बदामीलाल को पार्टी अध्यक्ष राजकुमार रोत मैदान से हटाने में असफल रहे हैं। सांसद रोत के लिए चौरासी सीट उनकी प्रतिष्ठा से जुड़ी हुई है। क्योंकि वह वहां से लगातार दो बार विधायक रह चुके हैं। यदि चैरासी से उनकी पार्टी का प्रत्याशी चुनाव हारता है तो उनके बढ़ते प्रभाव को झटका लगेगा।राजस्थान की सात में से चार विधानसभा सीटों झुंझुनू, देवली-उनियारा, खींवसर में तिकोना व चौरासी में चैकोना मुकाबला होने जा रहा है। झुंझुनू में पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के मैदान में उतरने से मुकाबला तिकोना हो गया। गुढ़ा जितने मुस्लिम व अनुसूचित जाति के वोट लेंगे उसका सीधा नुकसान कांग्रेस को होगा। वहीं राजपूत वोटो का नुकसान भाजपा को होगा।

विधानसभा उपचुनाव का प्रचार चरम पर पहुंच गया है। जैसे-जैसे उपचुनाव मतदान की तारीख नजदीक आती जा रही हैं। वैसे-वैसे राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक भी चुनाव मैदान में उतरकर प्रचार करने लगे हैं। उप चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, रालोपा व बाप पार्टी की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है। अपनी प्रतिष्ठा बचाने में राजनीतिक पार्टियों कितनी सफल हो पाती है इसका पता तो चुनाव परिणाम के बाद ही चल पाएगा।


## कविता
### सत्य बाहर निकल रहा



घटती-घटना
राजेन्द्र लाहिरी
पामगढ़ छत्तीसगढ़

हम कभी दबकर रहे नहीं,
बेशक हमें दमित दिखाया गया,
इतिहास के झूठे पन्नों में
हमें ही भीरु बताया गया,
कुछ चालाक प्राणियों के द्वारा,
झूठ पर झूठ फैलाया गया,
डरपोकों को सुपर पावर बताया गया,
यह सब दो प्रमुख विचारों
मानवतावादी और अमानवतावादी
के बीच हुए द्वंद्व का रूप है,
सत्य को छिपाने वाले उच्च व सुंदर
और सत्य अपनाने वालों का
लिखा गया चेहरा कुरूप है,
हमारा हर काम चालबाजों ने
जग में उल्टा ही दिखाया है,
हजारों बार बोल बोल
इतिहास ही उल्टा लिखाया गया है,
तमाम प्रकार के प्रपंच,प्रतिबंध मान्यताएं
केवल हमें बांधकर रखने का तरीका था,
ये चंद लोगों के न्याय के नाम पर
बिना किसी बंधन स्वतंत्र चलने का
उनका नीति,नियम,सलीका था,
थी संगठित न रह पाने की मजबूरी,
रोड़े इतने बन जाती पेट की अगन जरूरी,
सच्चाई वो नहीं जो सुनाते आये हैं आप,
रटा रटाया प्राचीनता का राग आलाप,
सत्य बाहर आने के लिए उबल रहा हैं,
जो हर जगह खुदाई में निकल रहा हैं।

## कविता
### चल तू लक्ष्य का संधान कर



घटती-घटना
श्याम सुंदर साहू
राजिम,गरियाबंद,छत्तीसगढ़

चल तू लक्ष्य का संधान कर
इस समय को बर्बाद मत कर
ये समय नहीं आएगा लौटकर
अपने सपने को जरा याद कर
चल तू लक्ष्य का संधान कर।
अपने हौसले को बुलंद कर
सब कुछ तुझे हासिल होगा
मेहनत पर जरा विश्वास कर
चल तू लक्ष्य का संधान कर।
किस बात का है तुझको ग़म
मंजिल की ओर बढ़ा कदम
लक्ष्य नहीं है तुमसे ज्यादा दूर
चल तू लक्ष्य का संधान कर।
मत बैठ हाथ में हाथ रखकर
चल उठ मंजिल की ओर बढ़
दुनिया को दिखा कुछ बनकर
चल तू लक्ष्य का संधान कर।

# क्या सरकारों ने एक भी नीति बीमार की चिकित्सा में लूटमार को रोकने की बनाई

कभी भारत में एक नीति आयोग हुआ करता था। नीतियों की घोषणाओं की प्रेस कॉन्फ्रेस हुआ करती थी। संसदीय कमेटियों में विचार और जानकारों व जनता की फीडबैक पर नीति बनती थी। कैबिनेट और संसद में बहस होती थी। लेकिन अब कानून बनते हैं, रेवड़ियां बनती हैं मगर नीति नहीं। अर्थात नेता वोट पटाने का आइडिया सोचता है और प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री अफसर को आदेश देता है। और कानून बन जाता है। यह ढर्रा बुलडोजर राज का प्रतिनिधि है। तभी इस सप्ताह यह जान हैरानी नहीं हुई कि उत्तर प्रदेश सरकार खाने-पीने की चीजों में %थूकने’ जैसी कथित करतूतों को रोकने का कानून ला रही है। तीन से पांच साल तक की जेल और एक लाख रुपयए तक के जुर्माने की सजा का इसमें प्रावधान संभव है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 अक्टूबर को अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक की। दो अध्यादेश तैयार हो रहे हैं। इनका नाम छद्म और सद्भाव विरोधी गतिविधियों की रोकथाम और थूकने का निषेध अध्यादेश 2024’ और उत्तर प्रदेश खाद्य में संदूषण की रोकथाम (उपभोक्ता को जानने का अधिकार) अध्यादेश 2024’ होगा। शासन को इसकी जरूरत का अहसास सोशल मीडिया के वीडियो से हुआ। जूस, दाल, रोटी जैसी खाने-पीने की चीजों में दुकानदार या रसोईए का कथित तौर पर थूकना, आटे में पेशाब मिलाने, एक नाबालिग लड़के को रोटियों पर थूकते हुए, फलों के जूस में थूकने के इन असली-नकली वीडियो को सरकार ने गंभीर माना। और निदान के लिए में नए कानून का निर्माण!



सोचें, भारत में शासन, समाज और राजनीति आज कैसी है? इसी सप्ताह विश्व बैंक की रिपोर्ट थी। उस अनुसार चरम गरीबी के पैमाने में 6.85 डॉलर प्रति दिन खर्च की क्षमता में भारत में 43 करोड़ से अधिक लोग चरम गरीबी की अवस्था में हैं। हंगर इंडेक्स के ये आंकड़े और मानव-सामाजिक विकास संबंधी ऐसी रिपोर्टें हर साल आती हैं। लेकिन भारत में इनकी चिंता में नीतियां नहीं बनती हैं। लेकिन हां, सोशल मीडिया की बकवास में कानूनों का निर्माण है। और पूरी राजनीति, चुनाव व घोषणापत्र सब में सिर्फ वायदे याकि रेवड़ियां हैं। महाराष्ट्र, झारखंड में चुनाव घोषणा हुई तो ठीक पहले मुंबई के टोल नाके फ्री हुए। माझी लड़की बहिन योजना’ शुरू हुई। फटाफट एक करोड़ 90 लाख महिलाओं को हर महीने डेढ़ हजार रुपए नकद ट्रांसफर शुरू हुए। उधर झारखंड में जेएमएम सरकार ने मइया सम्मान योजना’ में हर महिला को हजार रुपए ट्रांसफर करना शुरू किया तो भाजपा ने गोगो दीदी योजना’ में हर महिला को हर महीने 21 सौ रुपए देने का वादा किया। तुरंत झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक हुई और राशि ढाई हजार रुपए करने का ऐलान। कहीं गृह लक्ष्मी योजना’ है तो कहीं लाड़ली बहना योजना’ या महतारी वंदन योजना’। चार महीने बाद दिल्ली में चुनाव है तो आप सरकार भी महिलाओं को हजार रुपए महीना देना शुरू करने वाली है। केजरीवाल ने कहा है कि वे छह मुफ्त की रेवड़ी दे रहे हैं और सातवीं भी देंगे।

जाहिर है सरकारें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष टैक्स से लोगों की जेब काट रही है और बदले में चवन्नी-अठन्नी दे रही है। गरीबी, बेरोजगारी, चिकित्सा, शिक्षा और सचमुच लोगों की बेहतरी की समग्रता में एक भी जनहितकारी कायदे की नीति नहीं बन रही है। यदि शासन को रेवड़ियों से ही प्रजा के भले होने का ठोस विश्वास है तो सब रेवड़ियों को मिला कर क्यों नहीं सभी नागरिकों के लिए एक ठोस सोशल सुरक्षा योजना की नीति बना लेनी चाहिए? हर महीने, हर परिवार या जररूतमंद (बेरोजगार, गरीब) को दस हजार के भत्ते की नीति क्यों नहीं बना देते? छोटी-छोटी रेविड़ियों की राजनीति का फ्रॉड तो खत्म हो। क्यों टोल टैक्स महानगरीय सीमा या पुराने हाईवे पर लगातार लगे रहें? क्यों ब्रिटेन की तरह चिकित्सा फ्री नहीं होती? हाल में मेडिकल में यह खबर थी कि अस्पताल अब अस्पताल में बिस्तर को बेच रहे हैं। अर्थात जो ज्यादा पैसा देगा, उसको बिस्तर पहले मिलेगा। जैसे विमान या ट्रेन यात्रा में देना पड़ता है। जैसे-जैसे यात्रियों की संख्या बढ़ती है, टिकट महंगे होते जाते हैं। यही तरीका अब अनेक अस्पताल अपना रहे हैं। क्या सरकारों ने एक भी नीति बीमार की चिकित्सा में लूटमार को रोकने की बनाई है?

-हरिशंकर व्यास-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK





# छठ घाटों पर दिखा आस्था का विहंगम दृश्य,महापर्व का हुआ समापन

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,08 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय छ्ठ शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हो गया। कठिन उपासना का यह पर्व पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अल सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं ने छठ घाटों पर पहुंचना शुरू कर दिया था। सूर्य उदय होने से पहले ही श्रद्धालुओं ने नदी, तालाबों के ठंडे पानी में स्नान किया। जैसे ही भगवान भास्कर उदीयमान हुए लोगों ने अर्घ्य देना शुरू कर दिया। अर्घ्य देने का सिलसिला सुबह 7.30 बजे तक चलता रहा। भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद छठ घाटों पर श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन किया और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद श्रद्धालु अपने घर पहुंचे कर अन्न-जल ग्रहण कर 36 घंटे का कठिन व्रत तोड़ा।





चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व मंगलवार को नहान-खान के साथ प्रारंभ हुआ था। जो शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हो गया। गुरुवार की शाम व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया था। छ्ठ को लेकर शहर के शंकर घाट, घुनघुट्टा नदी सहित लगभग एक दर्जन से ज्यादा छ्ठ घाटों पर बड़े ही उत्साह व उमंग के साथ छ्ठ व्रत मनाया गया। सभी छ्ठ घाटों पर समितियों द्वारा व्यापक तैयारियां की गईं थीं।

### प्रसाद का किया वितरण

सुबह के अर्घ्य के समय काफी संख्या में श्रद्धालु छ्ठ घाटों पर पहुंचे थे। अर्घ्य संपन्न होते ही लोग प्रसाद पाने के लिए लालायित नजर आए। लोगों ने छ्ठ व्रतियों के पास जाकर प्रसाद मांगा। इसके बाद छ्ठ व्रतियों ने अपने-अपने घर पहुंचकर अन्न-जल ग्रहण कर पारण किया। इसके बाद व्रतियों ने पड़ोसियों व रिश्तेदारों के घर प्रसाद पहुंचवाया। लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# धर्म विशेष को लेकर आक्रामक टिप्पणी, राष्ट्रीय अखण्डता को नष्ट करने का प्रयास

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,08 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

राष्ट्रीय किश्चियन मोर्चा एवं भारत मुक्ति मोर्चा, छग के द्वारा गंगापुर में वर्ग विशेष के विरूद्ध भाषण से सौहार्द्रपूर्ण संबंधों में बनी कटुता और राष्ट्रीय अखण्डता पर लांछन की स्थिति को देखते हुए ब्राम्हण समाज ने अपराध पंजीबद्ध करने की मांग प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सहित जिले के कलेक्टर व पुलिस अधिकारियों से की है।

इस संबंध में अध्यक्ष, ब्राम्हण कौशलेन्द्र पाण्डेय की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि गंगापुर में रजवार समाज के सामाजिक भवन को जशपुर निवासी रूपकुमार ने समाज व लोकहित के लिए 06 नवम्बर को आयोजित राष्ट्रीय किश्चियन मोर्चा के प्रदेश अधिवेशन के लिए मांगा,जिस पर रजवार समाज ने अपनी सहमति दी। यहां राष्ट्रीय किश्चियन मोर्चा एवं भारत मुक्ति मोर्चा छग के अध्यक्ष विलास खरात,वामन मेश्राम,सुनील डोंगरदिपे, अरविन्द कच्छ्प, रंजीत बड़ा, ब्लायुसिस तिग्गा,रूपकुमार के अलावा आसपास के ग्रामीण और रजवार समाज के लोग भी जिज्ञासावश उपस्थित थे। रूपकुमार ने भाषण प्रारंभ करते समय ही अत्यधिक आक्रामक होकर धर्म विशेष को लेकर अभद्र टिप्पणी प्रारंभ कर दी और लक्ष्य बनाकर सार्वजनिक रूप से भाषण देते हुए ब्राम्हणों को निशाने पर लिया। संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों को छीनने की बात कहकर लोगों में भारत सरकार के विरूद्ध भय और आक्रोश पैदा करने जैसी टिप्पणी की गई। भाषण में देश की राष्ट्रीय अखण्डता को नष्ट करने तथा वर्तमान सरकार के विरूद्ध विद्रोह उत्पन्न करने, विभिन्न समूहों के बीच शुत्रता फैलाने का कार्य किया गया। ब्राम्हणों के बारे में अनुचित टिप्पणी की गई। इसके लिए अनावेदक तथा मंच में बैठे सभी पदाधिकारी उत्तरदायी हैं, जिसके माध्यम से आक्रोश भड़काने वाला भाषण दिलाया गया। ब्राम्हण समाज के द्वारा दण्डनीय अपराध के लिए वक्तव्य देने वाले के साथ ही मंच पर बैठे सभी पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। बताया गया है कि भडकाउ भाषण को आसपास के लोगों ने सुना तो रजवार एवं अन्य समाज के लोग उपस्थित होने लगे। विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता पैदा करने वाले उत्तेजित भाषण का विरोध जताने व समाज के भवन का उपयोग नहीं करने देने की बात पर रूपकुमार और मंच में बैठे सभी पदाधिकारियों ने सभा में उपस्थित समुदाय के लोगों को उत्प्रेरित कर रजवार समाज के लोगों पर हमला कर गालीगलौज किया गया। इसके बाद रजवार समाज के लोग हिंसक गतिविधि से स्वयं को बचाते हुए गांधीनगर थाना पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराया है, जिस पर गांधीनगर थाने में बिलास खरात, सुनील डोंगरदिपे, अरविन्द कच्छप, रंजीत बडा, ब्लायुसिस तिग्गा व अन्य के विरूद्ध बीएनएस की धारा 329 (3), 333, 299, 115(2), 351(2), 319(2), 91(2), 190, छग पुलिस अधिनियम-2007 की धारा 49 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। ब्राम्हण समाज ने कहा है कि इनके द्वारा विभिन्न समूहों के मध्य शत्रुता उत्पन्न करने एवं राष्ट्रीय अखण्डता के प्रतिकूल कार्य किया गया है, जो बीएनएस की धाराओं और राज्य सुरक्षा कानून के साथ ही आईटी एक्ट की धाराओं के तहत दंडनीय अपराध है, जिस पर अपराध पंजीबद्ध किया जाना न्यायोचित होगा। इस दौरान ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष कौशलेन्द्र पाण्डेय, आलोक दुबे, द्वितेन्द्र मिश्रा, विकास पाण्डेय, राजेश तिवारी, विश्वजीत भारद्वाज, कृष्णा नन्द तिवारी, अमरेन्द्र पाण्डेय, पं. महेन्द्र उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित थे।



# अंबा कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,08 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका के संयुक्त मंच छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और कल्याण संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार,8 नवम्बर को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया, रैली निकाली और जमकर नारेबाजी करके हल्ला बोला। इसके बाद भी सरकार के कान खड़े नहीं हुए और मांगे पूरी नहीं हुई, तो भविष्य में उग्र प्रदर्शन करने का आगाज किया गया।

संघ की जिलाध्यक्ष भुनेश्वरी सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मांगों को लेकर राज्य सरकार गंभीर नहीं है। शासन-प्रशासन के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं पर कई काम थोपा जा रहा है, जिससे उनके ऊपर काम का दबाव बढ़ रहा है। लगातार काम करते त्रस्त हो चुके हैं। सारी जिम्मेदारियों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने के बाद भी उनकी मांगों को लम्बे समय से अनसुना किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्तायें डोर-टू-डोर जाकर सर्वे सहित हितग्राहियों को परियोजना कार्यालय के माध्यम से दी जिम्मेदारी का निर्वहन करते आ रही हैं। पिछड़ा वर्ग सर्वे में भी अपनी भूमिका का निर्वहन की हैं। अतिरिक्त काम लेने के बाद भी उन्हें अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि या मानदेय नहीं दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं की मांग है कि उन्हें शासकीय कर्मचारी घोषित नहीं करने तक 21 हजार रुपये मानदेय दिया जाए। मानदेय में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए। पर्यवेक्षकों की भर्ती की जाए, कार्यकर्ताओं को योग्यता के आधार पर शत-प्रतिशत भर्ती में लाभ दिया जाए। सहायिकाओं के मानदेय में भी वृद्धि की जाए। कार्यकर्ता और सहायिका को सेवा समाप्ति के बाद 10 लाख रुपये एकमुश्त राशि दी जाए।

# आईएमए के चिकित्सकों की कार्यशाला आज

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 08 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

इंडियन मेडिकल एसोसिएसन के चिकित्सकों की कार्यशाला हॉटल पर्पल





ऑर्किड में 09 नवम्बर, शनिवार को रात्रि 8 बजे से आयोजित की गई है। यहां छ्श्रीसगढ़ में रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में अग्रणीय कार्य कर रहे रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के संचालक डॉ. संदीप दवे व गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. संदीप पाण्डेय का व्याख्यान होगा जो रोबोटिक सर्जरी के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। आईएमए सरगुजा के जोनल चेयरपर्सन डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि वर्तमान समय में रोबोटिक सर्जरी का प्रचलन परंपरागत शल्यक्रिया की तुलना में सटीक व कम परेशानी पैदा करने वाला साबित हो रहा है। कार्यशाला में आईएमए सरगुजा संभाग के चिकित्सक सम्मिलित होगें।

# टांगी के हमले में घायल वृद्ध की मौत

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 08 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

बलरामपुर जिला के शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम भरतपुर में युवक ने अपने ससुर पर टांगी से वार कर दिया। गंभीर स्थिति में उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भरतपुर निवासी मलुआ नगेसिया पिता ठुठुआ 65 वर्ष की पुत्री ग्राम हर्राटोली के जितेन्द्र ठाकुर के साथ पत्नी बतौर रहती थी। दोनों के दाम्पत्य जीवन के बीच एक पुत्र भी है। बताया जा रहा है कि पिछ्ले 4-5 माह से वह अपनी पत्नी से चरित्र संदेह को लेकर मारपीट करते आ रहा था। इसके बाद वह अपने मायके आ गई थी। पति यहां आकर भी अपनी पत्नी के साथ गालीगलौज और मारपीट करते आ रहा था, जिससे सभी परेशान थे। बीते 7 नवम्बर को जितेन्द्र अपने ससुराल आया और



पत्नी को धर चलने के लिए कहा। जब वह साथ में जाने से मना की तो टांगी उठाकर उसे पर प्रहार करने के लिए हुआ। बेटी को खतरे में देख उसका पिता मलुआ नगेसिया बीच में आ गया और टांगी का वार उसके सिर में लगा, जिससे वह मौके पर गिर गया। ससुर को जख्मी हालत में देखने के बाद आरोपी दामाद वहां से भाग गया। घायल अवस्था में मलुआ को लेकर स्वजन शंकरगढ़ स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे, यहां से रेफर करने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया था, यहां इलाज के दौरान देर रात 2.30 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

# सात जुआरियों से 57 हजार रुपये जप्त

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,08 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

रानी सती तालाब मेड़ में स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआ खेल रहे सात जुआरियों से पुलिस ने 57 हजार रुपये नगद और ताश का पत्ती बरामद किया है। पुलिस को आते देख कुछ जुआरी मौके से भागने में सफल हो गए। सभी के विरूद्ध जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई है। मुखबिर की सूचना पर दी गई दबिश के दौरान रानी सती तालाब के मेड़ में महेन्द्र गुप्ता ऊर्फ सोनू पिता अशोक गुप्ता 43 वर्ष निवासी ब्रम्ह रोड पंचशील गली, विकास सोनकर पिता कमल सोनकर 32 वर्ष निवासी सतीपारा शिवमंदिर, अर्जुन सिंह पिता स्व. प्रभु नारायण सिंह 34 वर्ष निवासी मझलीपारा सरगंवा, गोपाल नामदेव पिता स्व. त्रिपुरारी नामदेव 31 वर्ष निवासी सतीपारा बेचन कॉलोनी, प्रशांत सिंह पिता अशोक सिंह 30 वर्ष निवासी करबला के पास सतीपारा, विजय दास पिता अमृत दास 32 वर्ष निवासी सतीपारा भाजपा कार्यालय के पास, अर्जुन सोनकर पिता रामरूप सोनकर 33 वर्ष निवासी सतीपारा शिवमंदिर के पास जुआ खेलते मिले। इन्हें घेराबंदी करके पुलिस ने पकड़ा, बाद में मुचलका जामनत पर छोड़ दिया।

# चोरी के दो मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 08 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

चोरी के मामले में गांधीनगर पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। प्रार्थिया दीपमाला तिर्की एवं अनुकम्पा एक्का साकिन सुभाषनगर गांधीनगर द्वारा थाना गांधीनगर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि घटना दिनांक 5 एवं 6 नंबर को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा प्रार्थियों के किराये के मकान मे अंदर घुसकर गैस सिलेंडर कुल 2 नग, सिलाई मशीन 1 नग एवं घरेलु सामान एवं 1 ट्रॉली बैग कपडे सहित कुल किमती लगभग 25000 रुपये की चोरी कर ले गया हैं, प्रार्थियों के रिपोर्ट पर पहले प्रकरण मे थाना गांधीनगर मे अपराध क्रमांक 656/24 धारा 331(3), 305, 3(5) बी. एन. एस. एवं दूसरे प्रकरण मे अपराध क्रमांक 657/24 धारा 331(4), 305, 3(5) बी. एन. एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आस



पास के सीसीटीवी फूटेज का अवलोकन कर मामले के संदेहियो की धरपकड़ कर पूछताछ किया गया जो आरोपियों द्वारा अपना नाम रमेश सिदार उम्र 18 वर्ष साकिन सुभाषनगर गांधीनगर अक्षय पटेल उम्र 20 वर्ष साकिन सिलसिला चौकी रघुनाथपुर हाल मुकाम गांधीनगर सब्जी बाजार के पास थाना गांधीनगर* का होना बताया, आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर उपरोक्त दोनों किराये के मकान मे घुसकर चोरी की घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपियों के निशानदेही पर गैस सिलेंडर कुल 2 नग, सिलाई मशीन 1 नग एवं घरेलु सामान एवं 1 ट्रॉली बैग कपडे सहित कुल किमती लगभग 25000 बरामद किया गया हैं, आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।

घटती घटना
आवश्यकता है
दैनिक अख़बार घटती घटना
में मशीन हेल्फर की आवश्यकता है
योग्यता 10वीं पास
वेतन 7 से 10 हजार
कार्य समयः शाम 7 बजे से देर रात तक
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
संपर्क-संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,नमनाकला
अंबिकापुर सरगुजा छत्तीसगढ़, मो. 9826532611

# मैच देखने गए इजरायली नागरिकों पर नीदरलैंड में बड़ा हमला

**» नेतन्याहू ने भेजा विमान; एम्स्टर्डम में बिगड़े हालात**

**एम्स्टर्डम,08 नवम्बर 2024।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को एम्स्टर्डम में इजराइली नागरिकों पर ÷बहुत हिंसक घटना÷ के बाद दो बचाव विमान भेजने का आदेश दिया है। उनके कार्यालय ने जानकारी दी कि एक फुटबॉल मैच के बाद हुए इन हमलों के चलते इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्रालय ने एम्स्टर्डम में मौजूद अपने नागरिकों से अपने होटलों में भी सुरक्षित रहने की अपील की है।

इजरायली सुरक्षा मंत्री इतामार बिन-गविर ने एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा, मैच देखने आए प्रशंसकों का सामना यहूदी विरोधी हिंसा से हुआ और उन्हें केवल उनके यहूदी और इजरायली होने के कारण निर्दयता से मारा-पीटा गया। स्थानीय पुलिस के अनुसार, मैच के बाद 62 लोगों को हिरासत में लिया गया। कुछ प्रो-फिलिस्तीन प्रदर्शनकारी जोहान क्रुइफ स्टेडियम तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे, जबकि शहर प्रशासन ने वहां प्रदर्शन पर रोक लगा रखी थी।

पुलिस का कहना है कि सभी फैंस बिना किसी समस्या के स्टेडियम से चले गए थे। लेकिन रात में शहर के केंद्रीय क्षेत्र में कई जगह संघर्ष की घटनाएं दर्ज की गईं। इजरायली सेना ने कहा कि बचाव मिशन के तहत मेडिकल और बचाव टीमों को कार्गो विमान के जरिए डच सरकार के समन्वय से तैनात किया जाएगा। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में शहर की सड़कों पर भीड़ के भागने और एक व्यक्ति पर हिंसा के दृश्य देखे गए हैं।



डच विदेश मंत्रालय ने इजरायली सरकार के बयानों पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उसने हिंसा की अलग-अलग घटनाओं की जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस ने बृहस्पतिवार रात हुई हिंसा में घायल हुए लोगों और हिरासत में लिए गए व्यक्तियों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। इससे पहले एम्सटर्डम की महानगरपालिका, पुलिस और अभियोजन कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि एजेक्स और मैकाबी तेल अवीव टीमों के बीच खेला गया यूरोपा लीग का मैच बहुत ही व्यवधानपूर्ण रहा, जिसमें मैकाबी के समर्थकों को निशाना बनाकर हिंसा की कई घटनाएं हुईं।

उल्लेखनीय है कि 7 अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास ने इजरायल पर हमला किया था जिसमें 1200 इजरायली मारे गए थे और 250 से अधिक को बंधक बना लिया गया था। इस घटना के जवाब में गाजा में इजराइल की सैन्य कार्रवाई में अब तक 43,469 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 102,561 लोग घायल हुए हैं, जिससे पूरी दुनिया में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। डच सरकार की सबसे बड़ी पार्टी के नेता और मुस्लिम विरोधी राजनीतिज्ञ गीर्ट वाइल्डर्स ने भी इस घटना की निंदा की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, इस तरह की घटना नीदरलैंड में हो, यह शर्मनाक है। बिल्कुल अस्वीकार्य। इजरायली विदेश मंत्री गिदोन सार ने डच विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैम्प से फोन पर बात कर इजरायली नागरिकों को सुरक्षित हवाई अड्डे पहुंचाने में मदद करने का अनुरोध किया है।

## डोनाल्ड ट्रम्प की वापसी से टेंशन में क्यों यूरोपीय यूनियन, 27 देश आज करने जा रहे महामंथन




**बुडापेस्ट (हंगरी), 08 नवम्बर 2024।** डोनाल्ड ट्रम्प के दोबारा अमेरिकी राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से दुनियाभर के कई देशों में खलबली मची हुई है। 27 देशों के यूरोपीय यूनियन भी इसमें शामिल है। पहले से ही आर्थिक संकट का सामना कर रहे यूरोपीय यूनियन को चिंता सता रही है कि ट्रम्प प्रशासन के तहत उसे औरवित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि ट्रम्प अपने चुनाव अभियान के दौरान बार-बार टैरिफ बढ़ाने और आयात पर उच्च शुल्क थोपकर अमेरिका को लाभ पहुंचाने का ऐलान कर चुके हैं। इसके अलावा वह रूस-यूक्रेन युद्ध के खत्म कराने की पहल भी कर सकते हैं।

अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोप के साथ व्यापार युद्ध से लेकर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) प्रतिबद्धताओं को वापस लेने और रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के समर्थन में बुनियादी बदलाव लाने तक की बात कही थी। इन वजहों से यूरोपीय देश परेशान है क्योंकि ये सभी मुद्दे पूरे यूरोप के देशों के लिए गंभीर परिणाम ला सकते हैं।

**जेलेंस्की भी बैठक में होंगे शामिल**

लिहाजा,यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और नाटो महासचिव मार्क रूट सहित लगभग 50 यूरोपीय नेता डोनाल्ड ट्रम्प की जीत के बाद संबंधों पर पड़ने वाले असर का आकलन करने के लिए बुडापेस्ट में शुक्रवार को महामंथन करने वाले हैं। दरअसल, पहले से ही जटिल आर्थिक स्थिति को और मुश्किल बनाते हुए, यूरोप की आर्थिक महाशक्ति जर्मनी चांसलर ओलाफ शोल्ज द्वारा अपने वित्त मंत्री को बर्खास्त करने के बाद राजनीतिक संकट में फंस गई है।

## डोनाल्ड ट्रम्प की फैमिली में ही हैं व्लादिमीर पुतिन को चाहने वाले तीन मेंबर,दामाद भी उनमें से एक

**नई दिल्ली,08 नवम्बर 2024।** डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने के बाद दुनिया भर में इस बात की चर्चा तेज है कि क्या विश्व की दो महाशक्ति आपसी मतभेद भुलाकर एक हो जाएंगे और क्या यूक्रेन से रूस की जंग अब चंद दिनों का खेल रह गया है। दरअसल,ये बातें इसलिए होने लगी हैं क्योंकि ट्रंप की जीत पर रूस के राष्ट्रपति व्सादिमीर पुतिन ने बधाई दी है और उन्हें बहादुर इंसान कहा है। अमेरिकी चुनाव नतीजों के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में पुतिन ने कहा कि वह ट्रंप से बातचीत करने को तैयार हैं। उन्होंने अमेरिका-रूस संबंधों को फिर से बहाल करने और यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की दिशा में काम करने पर भी बल दिया है।

दरअसल, अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन के शासनकाल में रूस-अमेरिका संबंधों में तब भारी गिरावट आई, जब रूस ने 2022 के फरवरी में यूक्रेन पर हमला बोल दिया था। इसके बाद अमेरिका ने रूस पर भारी आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए और युद्ध में बड़े पैमाने पर यूक्रेन को मदद की ताकि रूस का सामना कर सके।




अब ट्रम्प के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद ये चर्चा होने लगी है कि रूस और अमेरिका संबंध फिर से पटरी पर आ सकते हैं।

दरअसल,जो बाइडेन से पहले जब डोनाल्ड ट्रम्प 2016 से 2020 तक 45वें राष्ट्रपति थे,तब उनके पुतिन से मजबूत संबंध थे। दुनिया के दो ताकतवर देशों के प्रमुखों के बीच रिश्तों में ये गरमाहट कुछ खास सिपहसालारों की वजह से थी। इनमें डोनाल्ड ट्रम्प के तीन सिपहसालार खास हैं। पोलिटिको.कॉम की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इन तीनों में दो ट्रम्प के बेटे और बेटी हैं, जबकि तीसरा उनके दामाद हैं।

**डोनाल्ड ट्रम्प जूनियरः**

डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी पहली पत्नी इवाना ट्रम्प के सबसे बड़े बेटे हैं। ये अमेरिकी व्यवसायी हैं और पिता के बिजनेस साम्राज्य को संभालते हैं। ये ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन के ट्रस्टी और कार्यकारी उपाध्यक्ष भी हैं। फ्रेंच थिंक टैक चलाने वाले फेबियन बउसार्ट से उनके अच्छे संबंध हैं, जिनकी पत्नी रांडा कैसिस सीरियाई नागरिक हैं। 2011 के सीरिया गृह युद्ध के दौरान रांडा कैसिस ने रूस की पुतिन सरकार की बड़ी मदद की थी। यह पुतिन की टीम से सीधा संपर्क रखती हैं। इनके पति फेबियन बउसार्ट ने पुतिन को शांति का नोबेल पुरस्कार दिए जाने की सिफारिश की थी। सीरियाई संकट को कूटनीतिक तरीके से हल करने की वजह से 2014 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए पुतिन को नामित किया गया था।

**इवांका ट्रम्पः**

इवांका डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी हैं, जो इवाना ट्रम्प की दूसरी संतान हैं और अमेरिकी व्यवसायी हैं। ये भी पिता का कारोबार संभालती हैं। ये अपने राष्ट्रपति पिता की सलाहकार रह चुकी हैं। मीडिया मुगल नाम से मशहूर अमेरिकी बिजनेसमैन रुपर्ट मढ़ोक की पूर्व पत्नी वेंडी डेंग इनकी सहेली हैं। ऐसी अफवाह है कि वेंडी डेंग पहले व्लादिमीर पुतिन को भी डेट कर चुकी हैं। हालांकि, उन्होंने इससे इनकार किया है। इनके अलावा डेंग पुतिन की पत्नी के मित्र रोमन अबरोविच और उनकी पत्नी की भी फैमिली फ्रेंड हैं। ट्रंप की जीत से पाक में हलचल, चीन या इमरान खान? शहबाज शरीफ के लिए टेंशन क्योंये भी पढ़ेन्जिस मंच पर पुतिन कर रहे थे ट्रम्प की तारीफ, वहीं क्यों करने लगे भारत का गुणगानये भी पढ़ेन्ट्रम्प की वापसी से टेंशन में क्यों यूरोपीय यूनियन, 27 देश करने जा रहे महामंथन।

## उदयपुर नगर में हर्षोल्लास से मना छठ पर्व,श्रद्धालुओं ने दी उगते सूर्य को अर्घ्य

**सौंदर्य और श्रद्धा के संगम से भरा छठ पर्व, व्रतधारियों ने पूरी निष्ठा से की पूजा**







**- संवाददाता -**
**उदयपुर,08 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

उदयपुर नगर में छठ महापर्व की भव्यता ने नगरवासियों के दिलों को छू लिया। चार दिवसीय इस पर्व की शुरुआत नहाय-खाय से हुई, जहां श्रद्धालुओं ने नदी और तालाब में स्नान कर शुद्ध आहार का सेवन किया। इसके बाद सोमवार को व्रतधारियों ने खरना किया, जिसमें निर्जला उपवास रखकर प्रसाद का सेवन किया। गुरुवार को डूबते सूर्य को अर्ध्य देकर पूजा की गई और शुक्रवार को सुबह 6:32 बजे उगते सूर्य को अर्ध्य देकर छठ पूजा का समापन किया गया।

**धूमधाम और उल्लास का माहौल**

नगर में लगभग 50 से अधिक परिवारों ने पूरे विधि-विधान से छठ पूजा संपन्न की। श्रद्धालुओं ने नदियों और तालाबों के घाटों पर इकट्ठा होकर सूर्य देवता को अर्ध्य अर्पित किया। घाटों पर व्रतधारियों ने पूजा अर्चना की, वहीं उनके परिजनों ने ढोल-नगाड़ों के साथ हर्ष और उल्लास मनाया। रंग-बिरंगी पोशाकों में सजी महिलाओं ने पूजा के पारंपरिक गीत गाए, जिससे घाटों का वातावरण भक्ति से भर उठा। व्रतियों ने पूरी श्रद्धा से पूजा की और व्रत का समापन किया, जिसके बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया।

**व्यवस्थाएं और सुरक्षा इंतजाम**

ग्राम पंचायत उदयपुर ने श्रद्धालुओं के लिए खास व्यवस्था की थी। घाटों पर टेंट,पंडाल और साउंड सिस्टम की सुविधा की गई थी ताकि भक्तगण आराम से पूजा में शामिल हो सकें। छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उप सरपंच शेखर सिंह देव और प्रताप सिंह के नेतृत्व में जलपान का आयोजन किया गया, जिसमें पेयजल और ताजे फलों की व्यवस्था की गई थी।

वहीं,सुरक्षा व्यवस्था में भी कोई कमी नहीं छोड़ी गई। उप निरीक्षक आभाष मिंज के नेतृत्व में पुलिस बल ने घाटों पर तीनों दिन सक्रियता से निगरानी रखी। पुलिस टीम ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा, जिससे पूजा का आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सका।

**छठ पूजा का महत्व और परंपराएं**

छठ पूजा सूर्य देव और छठी मैया की आराधना का पर्व है, जो पूर्वांचल, बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड के लोगों में विशेष रूप से लोकप्रिय है। यह पर्व चार दिन तक चलता है,जिसमें नहाय-खाय, खरना, डूबते सूर्य को अर्ध्य और उगते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपराएं शामिल हैं। श्रद्धालु यह मानते हैं कि सूर्य देव उनके दुखों का निवारण करते हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। छठी मैया को संतान, स्वास्थ्य और जीवन में उन्नति का प्रतीक माना जाता है।

यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था को दर्शाता है, बल्कि प्रकृति के प्रति श्रद्धा का संदेश भी देता है। छठ पूजा का उद्देश्य प्रकृति की ओर लौटने, जल, वायु और सूर्य की महत्ता को समझने और समाज में एकता को बढ़ावा देने का प्रतीक है।



## मरीज के परिजन से अस्पताल में सफाई के मामले में स्टाफ नर्स व वार्ड आया निलंबित

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर,08 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।**




बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर सिविल अस्पताल में एक मरीज के परिजनों से सफाई कराने के मामले को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गंभीरता से लिया है। मामले की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग बलरामपुर को इसकी जांच करने के निर्देश दिए गए थे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने अपनी आरंभिक जांच में ड्यूटी पर उपस्थित स्टाफ नर्स और वार्ड आया को इसके लिए जिम्मेदार माना है।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की रिपोर्ट पर बलरामपुर जिले के कलेक्टर ने स्टाफ नर्स अमिता मिंज और वार्ड आया अनीता सिंह को उनके पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही , अनुशासनहीन और अकर्मण्य मानते हुए निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में दोनों का मुख्यालय जिला अस्पताल बलरामपुर रामानुजगंज किया गया है।









# उगते सूर्य को अर्ध्य देकर छठ पर्व का समापन

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर, 08 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

बलरामपुर जिले में उगते सूरज को अर्ध्य देकर पूजन हवन के साथ सूर्य उपासना का पर्व छठ पर्व का समापन किया गया। सभी नदी नालों जलस्त्रोतों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सभी छठ व्रतियों ने आम जनों को और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। बलरामपुर में सिंदूर नदी के तट पर और रामानुजगंज में कनहर नदी के तट पर, राजपुर में गेउर नदी के किनारे सूर्य देव को प्रणाम करते हुए गंगा आरती की गई और विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन संपन्न हुए।

आज छठ पर्व और धार्मिक आयोजनों का समापन हुआ। इस दौरान पूरे जिले में कहीं कोई अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई, और पूरे श्रद्धा उल्लास के साथ यह पर्व मनाया गया। छठ पर्व के आयोजन के साथ गंगा आरती का विहंगम दृश्य हर नदियों पर पवित्र मन्त्रोंचार के साथ उपासना के गीत गूंजते रहे। सभी घाटों पर सभी वर्ग के लोगों ने आपसी भाईचारा के साथ पारंपरिक रूप से छठ पर्व मनाया। सभी घाटों पर पुलिस की चुस्त व्यवस्था रही।





# पत्रकार यदुवंश दुबे के हमलावरों पर शीघ्र होगी कार्यवाही:कलेक्टर

## जिले के वरिष्ठ पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




-बागी कलम-
अनूपपुर,08 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

जिला अंतर्गत राजेन्द्रग्राम के वरिष्ठ पत्रकार यदुवंश दुबे और उनकी पत्नी पर हुए प्राणघातक हमले के बाद राजेन्द्रग्राम पुलिस द्वारा बरती गयी लापरवाही से नाराज जिले भर के वरिष्ठ पत्रकारों ने चिंता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर हर्षल पंचोली को सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट के सोन सभागार में पत्रकारों के साथ बैठक कर के उनकी बातों? को ध्यान से सुना और उनकी शिकायतों में उपलब्ध तथ्यों से सहमति जताते हुए शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

### हमले के 20 घंटे बाद हुआ प्रकरण दर्ज

मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गये ज्ञापन के माध्यम से वरिष्ठ पत्रकार यदुवंश दुबे और उनकी पत्नी पर प्राणघातक हमला होने के बाद आरोपियों के विरुद्ध अभी तक कोई कार्यवाही ना होने और जांच में लापरवाही बरतने से नाराज पत्रकारों ने कलेक्टर को बतलाया कि जिला अन्तर्गत राजेन्द्रग्राम में 4-5 नवम्बर की आधी रात राजेन्द्रग्राम के वरिष्ठ पत्रकार एवं वरिष्ठ नागरिक यदुवंश दुबे और उनकी पत्नी पर घर में घुस कर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला किया गया। गश्त पर निकली पुलिस ने रात में उन्हे स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती करवाया लेकिन इसके बाद पुलिस दिन में लगभग 11 बजे चिकित्सालय पहुंच कर उनसे पूछताछ करती है। 14 घंटे बाद एफएसएल और डाग स्क्वाड बुलाया जाता है। बाद में पत्रकारों द्वारा पुलिस महा निरीक्षक अनुराग शर्मा के संज्ञान में घटना लाए जाने और सोशल मीडिया में खबरें चलने के बाद राजेन्द्रग्राम पुलिस ने घटना के लगभग 20 घंटे बाद प्रकरण दर्ज किया।




### पुलिस व पत्रकारों के बीच बढ़ता अविश्वास

कलेक्टर को पत्र सौंपने तक आज दिनांक तक जांच शून्य है और पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। उपस्थित पत्रकारों ने कलेक्टर को यह भी बतलाया कि किस तरह से इससे पूर्व कोतमा के एक समाचार पत्र प्रतिनिधि पुलिस अधीक्षक से मिलने उनके कार्यालय में जाने पर उन्हे बिना किसी समुचित कारण के कोतवाली पुलिस द्वारा 151 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। जिले के सभी पत्रकार पुलिस और पत्रकारों के बीच बढते इस अविश्वास से आहत हैं और स्वयं को असुरक्षित महसूस करते हुए इसकी निंदा करते हैं। वहीं कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया है कि पत्रकार यदुवंश दुबे और उनकी पत्नी पर हुए हमले की सूक्ष्म, निष्पक्ष और त्वरित जांच करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### पत्रकारों ने पेश की एकजुटता की मिसाल

यहाँ यह विशेष उल्लेखनीय है कि जिले के लगभग सभी प्रमुख पत्रकार व पत्रकार संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारियो राजेश शिवहरे, मनोज द्विवेदी, अरविन्द बियाणी, संतोष झा, अजीत मिश्रा, मुकेश मिश्रा, रामबाबू चौबे, राजेश शुक्ला, अजय मिश्रा, मनोज शुक्ला, चैतन्य मिश्रा, अमित शुक्ला, आदर्श दुबे, राजेश पयासी, गणेश रजक, ज्ञानचंद जायसवाल, आशुतोष सिंह, गणेश रजक, सीताराम पटेल, किशोर सोनी, हिमांशू बियाणी, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, बीजू थामस, धनंजय तिवारी, प्रेम चंद अग्रवाल, रमाकांत शुक्ला, विकास पाण्डेय, सौरव मिश्रा, सुधाकर मिश्रा, पुष्पेन्द्र रजक, पूरन चंदेल, अजय जायसवाल, आशीष सेन, मनीष अग्रवाल ने एकजुटता दिखलाते हुए पत्रकार एवं पत्रकारिता के हित में कार्य करने का संकल्प दोहराया।

# एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर रात्रि में लगातार कर रहे थाना-चौकी का औचक निरीक्षण

## लंबित मामलों के धीमी गति से नाराज़...प्रभारियों व विवेचकों को दी सख्त चेतावनी





-संवाददाता-
सूरजपुर,08 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

बुधवार की देर रात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार ठाकुर अचानक दुरस्थ स्थित थाना-चौकी के औचक निरीक्षण पर निकले। दुरस्थ थाना-चौकी क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का हाल जाना। उनके द्वारा रात्रि में थाना प्रतापपुर व चौकी खड़गवां का औचक निरीक्षण कर मौजूद बल एवं रात्रि गश्त का ब्यौरा लिया। आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारी व जवानों को सजगता के साथ रात्रि गश्त करने एवं कानून व्यवस्था ड्यूटी के दौरान सुरक्षा के सारे उपकरण साथ में रखने तथा पुलिस थानों में किसी भी शिकायत अथवा घटना की जांच निष्पक्ष एवं पारदर्शी करने के निर्देश दिए।

एसएसपी सूरजपुर ने थाना-चौकी प्रभारियों को कड़े स्वर में कहा कि रात्रि के वक्त विपरित परिस्थिति अथवा घटना-दुर्घटना होने पर रिस्पांश टाईप में पुलिस मौके पर पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए। प्रभारियों को कहा कि क्षेत्र में किसी प्रकार की अवैध गतिविधि या अवैध कारोबार न हो, ऐसी कोई भी सूचना प्राप्त होने पर संबंधित प्रभारी इसके लिए जिम्मेवार होंगे और उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। गंभीर अपराधों, महिला एवं बच्चों से संबंधित मामलों में त्वरित एवं कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने पर जोर दिया। प्रभारियों की मौजूदगी में थाना-चौकी का रिकार्ड, लंबित मामलों की डायरी, शिकायत एवं गुम इंसान की दस्तयाबी के प्रयासों को देखा और निकाल की स्थिति धीमी होने पर थाना-चौकी प्रभारी सहित विवेचकों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी लंबित मामलों के निराकरण में तेजी लाए। औचक निरीक्षण में दौरान एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने मौजूद प्रभारी, विवेचक एवं जवानों को कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सारे इंतजाम किए जाए, असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें, गुंडे एवं बदमाश प्रकृति के लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस थाने में आने वाले फरियादी को सम्मान के साथ बैठाकर उनकी शिकायत को गंभीरता से सुना जाए, शिकायतों का समय से निराकरण किया जाए। इसके अलावा पुलिस थाने में आने वाले किसी भी फरियादी को कोई भी परेशानी न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने पुलिस थाने में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। थाना-चौकी प्रभारी को पुलिस गश्त व्यवस्था मजबूत करने, आमजन से आपसी समन्वय स्थापित करने, सभी पुलिसकर्मी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए आमजन की सुरक्षा के लिए लगातार कार्य करते रहने के साथ ही पुलिस अधिकारी व जवानों को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित भी किया।

### रात्रि गश्त में लापरवाही बरती गई... तो सीधे तौर पर थाना प्रभारी होंगे जिम्मेवार

थाना-चौकी प्रभारियों को राउंड द क्लॉक रात्रि गश्त करने, रात में अधिकारी व जवानों को ड्यूटी लगाने की जवाबदेही थाना-चौकी प्रभारी की है। रात्रि गश्त में लापरवाही हुई, तो सीधे तौर पर प्रभारी जिम्मेवार होंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रात्रि में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए लगातार रात्रि गश्त तेज करने का निर्देश दिये।

### बिना अनुमति के थाना-चौकी प्रभारी अपने क्षेत्र से न जाए बाहर

एसएसपी ने औचक निरीक्षण के दौरान थाना-चौकी प्रभारियों को बिना अनुमति के थाना-चौकी क्षेत्र से बाहर न जाने के निर्देश दिए। विवेचना सहित आरोपियों की धरपकड़ के लिए बाहर जाने के पूर्व विधिवत् अनुमति लेकर जाए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बल थाना-चौकी के आसपास ही निवास कराना सुनिश्चित करें ताकि किसी आपात स्थिति में बल फौरन मौके पर पहुंच सके और स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। इस दौरान एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम व थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

# सीएम साय ने भगवान सहस्त्रबाहु जयंती कार्यक्रम में कटघोरा के तीन प्रमुख मांगों को किया पूरा

-संवाददाता-
कोरबा,08 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले के कटघोरा क्षेत्र मे स्थित अग्रसेन भवन में आज आयोजित प्रांत स्तरीय भगवान सहस्त्रबाहु जयंती कार्यक्रम के अवसर पर मंचीय उद्बोधन के दौरान तीन प्रमुख मांगों को पूर्ण किया । जिसमे उनके द्वारा कटघोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 100 बिस्तर अस्पताल बनाने की मांग पूरी की गई जिससे आने वाले दिनों में स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। इसी तरह कटघोरा बाईपास चौक का नामकरण भगवान सहस्त्रबाहु के नाम पर करने तथा उनकी मूर्ति स्थापना की मांग पर घोषणा की गई है। कटघोरा में सर्किट हाउस की भी मंजूरी मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान की गई है। प्रमुख मांगों की घोषणा से क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, कलेक्टर अजीत वसंत, जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित अतिथियों का महामाला से किया गया स्वागत ।

# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का धरना प्रदर्शनः पुलिस से हुई झूमाझटकी



-संवाददाता-
प्रतापपुर,08 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

13 करोड़ की लागत से बन रही प्रतापपुर थाना से चंदौरा सड़क मार्ग में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आज विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी ने सड़क निर्माण में घटिया गुणवत्ता का आरोप लगाते हुए पीडब्ल्यूडी ठेकेदार और अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शनकारी इस बात पर अड़े रहे कि सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।आज दोपहर में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चंदौरा हाईवे रोड के किनारे एक आम सभा आयोजित की। इस सभा के बाद रैली निकालकर प्रदर्शनकारी सड़क निर्माण में गड़बड़ी और घटिया सामग्री के उपयोग का विरोध करते हुए पीडब्ल्यूडी के ठेकेदारों और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इसके साथ ही स्थानीय विधायक पर भी मिलभगत का आरोप लगाया गया और सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए। आज के प्रदर्शन में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के संभागीय सचिव राजकुमार पोया, जिला महासचिव चंद्रदीप कोर्चो, संभागीय प्रवक्ता दीपक मरकाम, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष देवसाय पोया, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कवलसाय सरूता, ब्लॉक अध्यक्ष छोटेलाल, धर्मजीत पोया ब्लॉक सचिव, कमान सिंह मराबी, देवदास, ममता, कुंती मराबी, चंद्रमिला आयाम, रामसिंह, मेघनाथ आयाम, रामभवन जगते सहित सैकड़ों ग्रामीण भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारी इस मुद्दे को लेकर काफी आक्रोशित थे और उन्होंने सरकार तथा प्रशासन से न्याय की मांग की हैगोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ता चक्का जाम करने के लिए करीब 300 की संख्या में बनारस हाईवे पर निकल पड़े। जैसे ही वे सड़क पर पहुंचे, पुलिस और प्रशासन ने उन्हें रोकने के लिए कड़ी मेहनत की। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया गया। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की बातों को नजरअंदाज करते हुए अपनी मांगों को लेकर सड़क जाम करने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। इस दौरान कई प्रदर्शनकारी गिरते-पड़ते नजर आए। पुलिस प्रशासन और तहसीलदार ने प्रदर्शनकारियों से बार-बार समझाया, लेकिन जब उनकी बात नहीं मानी गई तो स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। इस दौरान पीडब्ल्यूडी के एसडीओ, इंजीनियर और अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे और उन्होंने प्रदर्शनकारियों से अपील की कि वे अपना प्रदर्शन समाप्त करें। प्रदर्शनकारी सड़क की गुणवत्ता की जांच और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।


**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

रा0प्र0क्रं0-/.अ-20(3)/2024-25

// ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश प्रसाद सोनी आ0 राम औतार सोनी निवासी मोहल्ला मायापुर नगर अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की मोहल्ला स्कूल रोड, नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 03 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1433/4, 1433/5, 1434/4 रकबा क्रमशः 9,1/2X7 फीट 367 वर्गफीट 855 वर्गफीट भूमि को बैंक में बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, मेंटनेन्स खसरा की छायाप्रति के साथ पेश किया गया है। उक्त भूखण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27-11-2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 30/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम एम.डी.इंजमामुल हक पिता श्री मेहंदी हसन अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम इंजमामुल हक अंसारी,पिता-श्री मेहंदी हसन, निवासी/पता-वार्ड क्रमांक-05 मकान नं-110 ,गांधी चौक के सामने,उदारी सरगुजा छ0ग0 रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम इंजमामुल हक अंसारी पिता-श्री मेहंदी हसन से जाना एवं पहचाना जाए।

शपथकर्ता
इंजमामुल हक अंसारी,
निवासी- वार्ड क्रमांक-05 मकान नंबर-110,गांधी चौक के सामने
उदारी, सरगुजा (छ0ग0)



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202410020700208**

विषय :-अ-27 मामले की श्रेणीः-राजस्व
सन्:-2024-2025

जगदीशपुर(प.ह.न.00025)
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार-सावित्री ऊर्फ मुन्नीबाई,भरत,भोला प्रसाद
अनावेदक पक्षकार-जमुना बाई,भरत,भोला प्रसाद

// ईश्तहार//

आवेदक सावित्री ऊर्फ मुन्नी बाई पिता स्व0 महादेव पत्नी सजन राज निवासी ग्राम जगदीशपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम जगदीशपुर स्थित कुल खसरा नंबर 19 कुल रकबा 4.243 हे0 भूमि का उभय पक्षकारों के मध्य 1/5 भागों में बँटवारा किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
उक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25.11.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/10/2024 को जारी किया जाता है।

(सील) तहसीलदार
अम्बिकापुर



**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

// ईश्तहार//

रा0प्र0क्रं0-/.अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश प्रसाद सोनी आ0 राम औतार सोनी निवासी मोहल्ला मायापुर नगर अम्बिकापुर के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक द्वारा अनावेदकगण विजय गुप्ता आ.स्व.बंशीधर गुप्ता,नि0 स्कूल रोड अ0पुर,श्रीमती पुष्पा देवी आ.स्व.बंशीधर गुप्ता,निवासी जोड़ा पीपल केदारपुर अम्बिकापुर के संयुक्त स्वत्व एवं अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि शीट नं 03 मोहल्ला-स्कूल रोड, खसरा नं. 1434/2 में से रकबा 10X25=250 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 14.03.2011 के माध्यम से क्रय किया गया है। अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर आवेदक द्वारा क्रयशुदा उक्त भूमि के नजूल अभिलेख में अपना नाम दर्ज कराने हेतु विक्रय पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा
आज दिनांक 30/10/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(सील) नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर



**कार्यालय नगरपालिका परिषद बिजुरी,जिला-अनूपपुर (म0प्र0)**
Phone/Fax No : 07658-E-mail cmobijuri@mpurban,gov.in

क्र0 2449/न0पा0/लो0नि0/2024 — बिजुरी, दिनांक 21/10/2024

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा पंजीकृत डीलर्स, विक्रेता, फर्मस को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्र | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | 2024_UAD_377042_1 | Supply of 0 Nos of JCB MACHINE as par Specificatio enclossed | 34.96 लाख | 26220.00 | 5000.00 | 18.11.2024 (17:30 HRS) |

1. निविदा/प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब लाईट (mpttps:mpTenders,gov.in में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिल प्रस्तुतिकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल वेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद बिजुरी
जिला- अनूपपुर (म0प्र0)



**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) जिला-सूरजपुर(छ0ग0)**

संयुक्त जिला कार्यालय भवन सूरजपुर,भू-तल,कक्ष क्रं-बी-09/19

दूरभाष-(कार्यालय)07775-266488 फैक्स-07775-266488 ई-मेल le.surajpur@gmail.com

**मतपत्र मुद्रण कार्य के लिए निविदा सूचना**

क्रमांक 200/स्था0निर्वा0/म.प.मुद्रण/2024 — दिनांक 05/11/2024

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला सूरजपुर में वर्ष 2024-25 में होने वाले नगरीय निकायों (नगरपालिका) के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा फार्म (जिसका की मूल्य रूपए 100/-है) मेरे कार्यालय से कार्यालय दिवस में कार्यालयीन समय के दौरान प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म मे भरी निविदाएं मेरे कार्यालय में दिनांक 27/11/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त की जायेंगी और उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।
2. मुद्रण के लिए कागज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) जिला सूरजपुर द्वारा उपलब्ध कराए जायेंगे।
3 निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी मेरे कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

जी. नंबर-242503649/1

कलेक्टर सूरजपुर
वास्ते सचिव,छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग
छत्तीसगढ़



**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**
**जिला चिकित्सालय बलरामपुर-रा0गंज(छ.ग.)**

ई-मेलः-csbalrampur@gmail.com

क्रमांक..../निविदा/अस्प.प्रशा/2024-25 — बलरामपुर दिनांक....

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय बलरामपुर-रा.गंज(छ.ग.)

ई-मेलः-csbalrampur@gmail.com

क्रमांक.1220/निविदा/अस्प.प्रशा/2024-25 — बलरामपुर दिनांक.05/11/2024

// सूचना//

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय बलरामपुर छ.ग. की ओर से 2024-25 के लिए जिला चिकित्सालय बलरामपुर एवं परिसर में साफ-सफाई कार्य हेतु छ.ग. के इच्छुक पंजीकृत फर्म/संस्था/समूह/समिति से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र (नियम एवं शर्तें) कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय बलरामपुर में निविदा प्रपत्र शुल्क राशि 1000/-(एक हजार रूपए मात्र) जमा कर कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा कार्य | वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला चिकित्सालय बलरामपुर छ.ग. में साफ-सफाई कार्य |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | 1000/-अक्षरी एक हजार रूपए मात्र (वापसी योग्य नहीं) |
| निविदा फार्म जमा करने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय | दिनांक 21.11.2024 को सायं 5.00 बजे |
| निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | दिनांक 22.11.2024 को सायं 4.00 बजे |
| निविदा प्राप्त करने एवं जमा करने हेतु निर्धारित स्थान | कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय बलरामपुर-रा.गंज छ.ग. |

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है जिसकी सूचना इस कार्यालय की सूचना पटल में चस्पा की जायेगी। इसकी जानकारी जिले की वेबसाईट www.balrampur.gov.in में भी देखी जा सकती है।

जी.नंबर-242503624/2

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय बलरामपुर-रा.गंज(छ.ग.)


CMYK

## छठी मैया देहलू आशीशीया चहके अंगना दुवार,अचरा में भर लूं सनेहिया टहके सेनुरा हमार....!

# छठ घाटों पर उमड़ा जन सैलाब,सूर्य देवता को प्रणाम करने एक साथ उठे करोड़ो हाथ



- लोक आस्था के महापर्व छठ का समापन हुआ, व्रती महिलाओं पुरूषों ने तोड़ा व्रत
- छठ महापर्व व्रत सिर्फ पुत्र कामना के उद्देश्य मात्र से नहीं, बेटियों की भी मन्नत करते हैं व्रती
- अस्तानचलगामी व उदीयमान सूर्य देवता की होती है पूजा, छठ पूजा में श्रद्धालुओं की है बड़ी आस्था

## आस्था के कुंभ में छठ व्रत धारियों ने लगाई डुबकी

### रूनकी-झुनुकी बेटियों के लिए करती है मां अर्ध्यदान

नारी सक्तिकरण का संदेश देता है लोक आस्था का माहपर्व छठ बेटा-बेटियों में कोई अंतर नहीं मानती है मातायें। लोक आस्था का महापर्व छठ सिर्फ पुत्र कामना के लिये ही नहीं बल्कि बेटियों के लिये भी किया जाता है। छठ के गीत में व्रती रूनकी-झुनुकी बेटियां,पंड़ा-पंडित्वा, दामाद हे छठि मईया के गीत गाते भगवान सूर्य से पुत्री की कामना करती है। छठ एक ऐसा व्रत है जहां सारे मिथक टूटते है पुरुष प्रधान समाज में जहां बेटे का कद ऊंचा माना गया है, वहां छठ व्रत इन मिथकों को तोड़ नारी सक्तिकरण का संदेश देता है। क्षेत्र में कई ऐसे छठ व्रती है जो सिर्फ अपनी बेटियों के लिये वर्षो से छठ व्रत करते आ रही है। व्रतीयों मानना है कि भगवान ने जो दिया है वही हमारे लिये सबकुछ है। बेटे-बेटियों में कोई अंतर नहीं है बस अंतर है सोच में।

### किया गया दीपदान

इस मौके पर महिलाओं ने दीपदान भी किया। पानी की लहरों पर हिलोर लेते दीपक और टिमटिमाती रोशनी ने तालाबों को रंगीन बना दिया था। छठ पर्व पर ऐसा लग रहा था मानों पूर्वाचंल क्षेत्र यहां उतर आया हो। पूजा के दौरान सूपे में परंपरागत पकवान प्रसाद के रूप में रखा ही गया था साथ ही मौसमी फलों के साथ गन्ने को अनिवार्य रूप से पूजा में शामिल किया गया था। व्रति महिलाओं के सूपों पर चढ़ाया गया प्रसाद-छठ महापर्व में छट घाट पर सभी व्रती महिलाओं के सुप पर श्रद्धालुओं ने फल चढ़ा सूर्य देव की उपासना की और आर्शीवाद लेकर पुत्र एवं परिवार की मंगलकामना की।

### बढ़ते श्रद्धालुओं के वजह से घाट पड़ा छोटा

छठ़ पर्व करने वालों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है यही वजह है कि पटना के झूमरपारा तालाब में बने छठ़ घाट छोटा पड़ जा रहा है इस बार श्रद्धालुओं की संख्या इतनी अधिक थी कि खड़े होने की जगह नहीं थी। यहां तक कि व्रती महिलाओं के सुप-दौरा से ही सीढ़ी भर गया था यहां तक कि अर्ध्य देने के लिये व्रती महिलाओं तक परिवारजनों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

### जिले में सभी जगह मना छठ महापर्व

कोरिया जिले में शहर से लेकर गांव तक छठ पर्व की धूम रही, चिरिमिरी, बैकुंठपुर, मनेंद्रगढ़, चरचा, खड़गवां, नागपुर, नई लेदरी, खोंगापानी, झगराखांड, भरतपुर में भी मनाया गया छठ महापर्व सभी जगहों पर छठ व्रतियों की भारी संख्या देखी गई।

### लगातार बढ़ रही है छठ व्रतियों की संख्या

छठ महापर्व की महिमा लगातार बढ़ रही है वहीं इसकी लोकप्रियता भी लगातार बढ़ रही है। क्षेत्र में अब गांव गांव में छठ व्रत करते श्रद्धालुओं को देखा जा सकता है।व्रत की लोकप्रियता का अंदाजा इसबात से भी लगाया जा सकता है कि जहां व्रतियों की संख्या बढ़ रही है वहीं व्रतियों की सेवा करने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

### पुलिस रही मुस्तैद

जिले में छठ घाटों पर पुलिस की मुस्तैदी देखी गई। भीड़ को नियंत्रित करने एवम जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा के मद्देनजर जिले का पुलिस महकमा अपनी जिम्मेदारी निभाते देखा गया। शाम एवम सुबह पुलिस के जवान छठ घाटों पर जिम्मेदारी निभाते देखे गए।



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर/पटना 08 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।
छठ पूजा गीतों से गुंजा पूरा क्षेत्र सूर्य उपासना का महापर्व छठ चार दिवसीय कठिन विधि विधान के पालन पश्चात आज उदीयमान सूर्य देव को अर्ध्य अर्पित कर सम्पन्न किया गया। चार दिवसीय छठ पूजा के लिए क्षेत्र में कई जगह सार्वजनिक नदी तालाबों में लोगों ने एक साथ सूर्य देव के अस्तांचलगामी व उदीयमान रूप को अर्ध्य अर्पित कर सुख समृद्धि व बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। कोरिया जिले में भी छठ पर्व बड़े उत्साह से मनाया गया, कटकोना, पटना, पाण्डवपारा, बैकुंठपुर व चरचा कॉलरी क्षेत्र में छठ व्रती महिला पुरुषों ने सोमवार को भोर के ठंडे पानी में खड़े होकर सूर्य देव की अराधना की और उदीमान सुर्य देव को जल व दुध से अर्घ्य देकर छठ घाट में प्रसाद वितरण के बाद अपना 36 घंटे को निर्जला उपवास समाप्त किया। घाट से घर जाने के बाद व्रतियों ने नियमानुसार पारन कर अपना उपवास समाप्त किया इसी के साथ यह महापर्व भी समाप्त हुआ। छठ पूजा को लेकर घाटों की चहल पहल भी समाप्त हो गई। कटकोना के एसईसीएल, गोबरी जलाशय, पटना झुमरपारा तलाब में बने घाट पर व्रतधारी महिला व श्रद्धालुओ की बडी संख्या में भीड इकट्ठा हुई, व्रती महिलाओं सहित पुरुषों ने रविवार को डुबते हुए सुर्य देव को व सोमवार को उगते हुए सुर्यदेव को ठंडे पानी में खडे होकर सुर्योपासना करते हुए व पुत्र, पुत्री की दीर्घायु साथ ही बेहतर स्वास्थ्य की कामना, परिवार की मंगल कामना करते हुए हाथ में फलो से सजा सुप व दौरा लेकर सुर्यदेव को जल व दूध से अर्ध्य दिया।





क्षेत्र में आस्था का कुंभ छठ महापर्व बड़े ही भक्तिभाव के साथ मनाया गया, बैकुंठपुर में राम मंदिर तालाब से लेकर झुमका बांध व गेज नदी तट पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और गुरुवार शाम को डूबते सूर्य एवं शुक्रवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर मंगल कामना की गई। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ घाट पर व्रती महिलाओ के साथ श्रद्धालु जन शामिल दिखाई दिए,भक्तिभाव के साथ लोगो ने पूजा अर्चना की। 4 दिनो तक चलने वाले इस त्योहार के लिए अब क्षेत्र में भी एक अलग सा वातावरण देखने को मिलता है, इस वर्ष घाटों पर श्रद्धालुओं की संख्या में भी इजाफा हो रहा है, पहले सिर्फ राम मंदिर तालाब में उक्त पर्व पर लोग पूजा अर्चना करते थे लेकिन धीरे धीरे व्रतधारियों के साथ श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ी है जिसके बाद झुमका बांध, कोड्या सागर बांध व गेज नदी तट के कई स्थानों पर भी यह महापर्व मनाया जाने लगा है। इसी क्रम में 4 दिनो के इस महापर्व में लोग भक्ति भाव से शामिल हुए, अस्त होते और उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य देने की परंपरा के अनुसार व्रतधारियों के अलावा अन्य जनों ने भी अर्ध्य दिया। गढ़ेलपारा छठ घाट में भी बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### जनप्रतिनिधियों ने छठ घाट पहुंचकर श्रद्धालुओं से की मुलाकात...ग्रहण किया प्रसाद

जिले के प्रत्येक छठ घाट पर श्रद्धालुओं एवम व्रतियों से मिलने और प्रसाद ग्रहण करने जनप्रतिनिधियों को उपस्थित देखा गया। बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े जहां जिले के प्रत्येक छठ घाट पर पहुंचकर श्रद्धालुओं से मुलाकात करती देखीं गई वहीं उन्होंने प्रसाद भी ग्रहण किया।



# छठ महापर्व के शुभ अवसर पर छठ घाटों पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल


**क्या आगामी नगरी निकाय चुनाव को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अभी से ही मेहनत करते नजर आ रहे हैं?**

**छठ पूजा उदीयमान सूर्यदेव के अर्ध्य के दौरान श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री**

**एक पुलिस परिवार के साथ भी छठ घाट पर देखे गए स्वास्थ्य मंत्री**

**जहां व्रतियों को हाथ जोड़कर प्रणाम किया तो वहीं अपना जनसंपर्क भी जारी रखा**





-रवि सिंह-
एमसीबी,08 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।
प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने छठ पूजा के दौरान छठ घाटों पर पहुंचकर अपने व्यस्तम समय में से कुछ समय छठ व्रतियों को प्रदान किया उनके पर्व उत्सव में शामिल होकर उनका उत्साह बढ़ाया और सभी को हांथ जोड़कर प्रणाम भी किया। चार दिवसीय छठ महापर्व के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अपने व्यस्ततम समय से से दो दिनों के कुछ क्षणों का समय निकाला और अपने वृहद निर्वाचन क्षेत्र में उन्होंने भरसक हर उस जगह पहुंचने का प्रयास किया। पहले दिन अस्ताचलगामी सूर्यदेव के अर्ध्य के दौरान साथ ही उदीयमान सूर्यदेव के अर्घ्य के दौरान स्वास्थ्य मंत्री कई छठ घाटों पर पहुंचे और श्रद्धालुओं से उन्होंने मुलाकात की उन्हे बधाई दी प्रणाम किया और श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। उदीयमान सूर्यदेव के अर्ध्य दिवस स्वास्थ्य मंत्री भोर 4 बजे से ही छठ घाटों के लिए निकल पड़े और सभी छठ घाटों पर वह पहुंच सकें अपने निर्वाचन क्षेत्र में ऐसा उन्होंने प्रयास किया।

स्वास्थ्य मंत्री साथ ही अपने विधायक को अपने बीच पाकर श्रद्धालुओं को काफी उत्साहित देखा गया और कई जगह श्रद्धालु उनके साथ फोटो खिंचाने भी उत्सुक नजर आए। स्वास्थ्य मंत्री ने किसी को निराश नहीं किया सभी के साथ उन्होंने फोटो भी खिंचवाई और व्रतियों से मिलकर उन्हें प्रणाम कर उन्हें बधाई शुभकामनाएं प्रदान की। स्वास्थ्य मंत्री छठ महापर्व के दौरान काफी व्यस्त रहे और छठ पर्व उत्सव मनाकर वह तत्काल लौट भी गए। स्वास्थ्य मंत्री नगर निगम क्षेत्र के कई छठ घाटों पर पहुंचे और सभी जगह उन्होंने छठ व्रतियों सहित श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं प्रदान की और उन्हें बधाई दी। मनेंद्रगढ़, लेदरी सहित झगराखांड भी स्वास्थ्य मंत्री छठ घाटों पर पहुंचे और श्रद्धालुओं सहित व्रतियों के साथ उन्होंने इस पर्व की खुशियों में सहभागिता निभाई। स्वास्थ्य मंत्री का व्यस्ततम छठ पूजा के दौरान छठ घाटों पर पहुंचने का जो प्रयास देखा गया उसे नगरीय निकाय चुनावों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री वैसे तो काफी धार्मिक प्रवृति के हैं वहीं उनकी आस्था ईश्वर के प्रति उनके उद्बोधनों में नजर भी आती है लेकिन पर्व उत्सवों में मंत्री विधायकों का पहुंचना कई उद्देश्यों से जोड़कर देखा जाता है और इस बार छठ घाट पर उनकी उपस्त उपस्थिति को नगरीय निकाय चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में एक नगर निगम सहित तीन अन्य नगर पालिका नगर पंचायत शामिल हैं और सभी में अब चुनाव का समय समीप है और यह चुनाव मंत्री जी के लिए महत्वपूर्ण भी होगा क्योंकि उन्हें अपनी उपलब्धियों और क्षेत्र को दी गई सौगातों के भरोसे इस चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलाने प्रयासरत होना होगा जिस अभियान में वह अभी से भिड़े नजर आ रहे हैं।

### चिरमिरी से लेकर मनेंद्रगढ़ तक के छठ घाट पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई स्वास्थ्य मंत्री ने...फोटो खिंचवाने की भी रही होड़...



स्वास्थ्य मंत्री ने मनेंद्रगढ़ से लेकर चिरमिरी तक के छठ घाटों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। स्वास्थ्य मंत्री के साथ फोटो खिंचाने की भी होड़ नजर आई और लोग बच्चे सभी इसके लिए उनसे अनुरोध करते देखे गए। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी के साथ फोटो खिंचवाई और वह फिर सभी के चेहरे पर मुस्कुराहट देकर आगे बढ़ते चले गए।



### छठ घाट पहुंचने के लिए मंत्री का प्रोटोकॉल हुआ था जारी

स्वास्थ्य मंत्री का छठ घाट पहुंचने के लिए प्रोटोकॉल जारी हुआ था। बता दें कि स्वास्थ्य मंत्री कब किस छठ घाट पर उपलब्ध रहेंगे यह प्रोटोकॉल अनुसार तय था। अपने निवास से वह कब कहां किस छठ घाट पहुंचकर श्रद्धालुओं से मुलाकात करेंगे उन्हें छठ पर्व की बधाई देंगे यह प्रोटोकॉल जारी द्वारा नियत था। स्वास्थ्य मंत्री भी प्रोटोकॉल अनुसार सभी जगह उपस्थित नजर आए और श्रद्धालुओं से उन्होंने भेंट की और उन्हें छठ महापर्व की बधाई दी। स्वास्थ्य मंत्री छठ पूजा कार्यक्रम में हर जगह उपस्थित होने प्रयासरत नजर आए।

### सुबह 4 से सुबह 8 तक छठ घाट पर रहने का था स्वास्थ्य मंत्री का प्रोटोकॉल

छठ पूजा वैसे तो चार दिनों का एक पर्व है लेकिन इसका दो दिवस अस्ताचलगामी सूर्यदेव साथ ही उदीयमान सूर्यदेव को को अर्घ्य देने का महत्वपूर्ण दिवस है। स्वास्थ्य मंत्री भी इस अवसर पर सभी जगह पहुंचने प्रयासरत नजर आए। इस हेतु उनका प्रोटोकॉल भी जारी हुआ था,उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य देने के दिवस स्वास्थ्य मंत्री सुबह 4 बजे से 8 बजे तक किन किन छठ घाटों पर उपलब्ध रहेंगे श्रदालुओं और व्रतियों को शुभकामनाएं बधाई देंगे यह प्रोटोकॉल द्वारा नियत था। स्वास्थ्य मंत्री प्रोटोकॉल अनुसार भोर से ही छठ घाटों पर पहुंचने लगे और उन्होंने श्रद्धालुओं और व्रतियों को बधाई दी।स्वास्थ्य मंत्री प्रोटोकॉल अनुसार ही दिनभर चलते नजर आए और उन्होंने पूरे दिन व्यस्तता अपनी बरकरार रखी।

## खेल की संक्षिप्त

### राहुल,ईश्वरन दूसरी पारी में भी विफल रहे



**मेलबर्न,08 नवंबर 2024।** केएल राहुल और अभिमन्यु ईश्वरन एक बार फिर अपनी छाप छोड़ने में विफल रहे, क्योंकि शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच में भारत ए दूसरे दिन के खेल के अंत तक 73/5 रन ही बना पाया।

### टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नहीं जाएगी पाकिस्तान



**नईदिल्ली,08 नवंबर 2024।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर अहम जानकारी सामने आयी है। टीम इंडिया ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को बड़ा झटका दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी। टीम इंडिया अपने मुकाबले दुबई में खेल सकती है. हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा होना बाकी है।

# इंडियन आयल और रेलवे ने चौथे हॉकी इंडिया सीनियर महिला नेशनल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**नईदिल्ली,08 नवंबर 2024।** मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित चौथी हॉकी इंडिया सीनियर महिला इंटर-डिपार्टमेंटल नेशनल चैंपियनशिप 2024 के पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में स्पोर्ट्स अथारिटी आफ इंडिया टीम (साई) ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) टीम के खिलाफ 8-0 से जीत प्राप्त की। प्रीति दुबे और अंतिम ने टीम के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए दो-दो गोल किए और साई का सेमीफाइनल का टिकट कटाया है।

दूसरे क्वार्टर फाइनल में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 4-2 से हराया।



जसप्रीत कौर ने सीबीडीटी की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए दो गोल किए और अपनी टीम को सेमी-फाइनल में पहुंचाया।

### तीन खिलाड़ियों ने किया दमदार प्रदर्शन

तीसरे मुकाबले में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को 11-0 से रौंदा। पिछले वर्ष की उपविजेता रेलवे टीम की ओर से निहा, संगीता कुमारी और वंदना कटारिया ने दो-दो गोल दागे और टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया।

वहीं, इंडियन आयल टीम ने तमिलनाडु पुलिस को हाराकर सेमी-फाइनल में जगह बनाई। रविवार को होने वाले सेमी-फाइनल मुकाबलों में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया का सामना रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड से होगा, जबकि इंडियन आयल का मुकाबला केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड से होगा।

### रविवार को भी खेले जाएंगे सेमीफाइनल मैच

इस रविवार को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबलों में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया का सामना रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड से होगा, जबकि पिछले साल की चैंपियन इंडियनऑयल का मुकाबला केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड से होगा। इन हाई-कैलिबर मुकाबलों के साथ, फाइनल में पहुंचने के लिए जबरदस्त संघर्ष देखने को मिलेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम के नव-नियुक्त मुख्य कोच हरेंद्र सिंह और मुख्य चयनकर्ता एम. सोमैया ने सभी क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का बारीकी से निरीक्षण किया। दोनों को खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नोट्स लेते हुए देखा गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह टूर्नामेंट भविष्य की राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों की खोज के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनता जा रहा है।

# पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया

**नईदिल्ली,08 नवंबर 2024।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को हराते हुए सीरीज में फिलहाल 1-1 से बराबरी हासिल की।एडिलेड में खेले गए मुकाबले में हारिस रऊफ की घातक गेंदबाजी (5/29) के सामने मेजबान टीम सिर्फ 163 रन पर ही सिमट गई।जवाब में छोटे से लक्ष्य को पाकिस्तान ने सैम अयूब की पारी (82) की मदद से हासिल किया।आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 41 के स्कोर तक अपने सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिए। पाकिस्तान को शाहीन अफरीदी ने दोनों सफलताएं दिलाई।इसके बाद स्टीव स्मिथ (35) को छोड़कर अन्य ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी को कोई जवाब नहीं दिखा।रऊफ की घातक गेंदबाजी के चलते मेजबान टीम सिर्फ 35 ओवर में ही सिमट गई।जवाब में पाकिस्तान ने अयूब और अब्दुल्ला शफीक के अर्धशतकों से लक्ष्य हासिल किया।

रऊफ ने जोस इंग्लिस (18) के रूप में अपनी पहली सफलता हासिल की। इसके बाद उन्होंने मार्नस लाबुशेन (6), आरोन हार्डी (14), ग्लेन मैक्सवेल (16) और पैट कमिंस (13) के विकेट चटकाए।उन्होंने अपने 8 ओवर में 29 रन दिए।वह ऑस्ट्रेलिया की धरती पर 5 विकेट हॉल लेने वाले पाकिस्तान के चौथे गेंदबाज बने।उनसे पहले वसीम अकरम (5/21), शोएब अख्तर (5/25) और हसन अली (5/52) ऐसा कारनामा कर चुके हैं।छोटे से लक्ष्य का पीछा करते हुए




अयूब ने अपने वनडे करियर का पहला अर्धशतक लगाया।बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 71 गेंदों में 82 रन की प्रभावशाली पारी खेली।अच्छी बल्लेबाजी कर रहे अयूब लेग स्पिनर एडम जैम्पा का शिकार बने। उन्होंने अपनी अर्धशतकीय पारी में 5 चौके और 6 छक्के भी लगाए।उन्होंने शफीक के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी भी की।



## 42 साल में जेम्स एंडरसन खेलेंगे आईपीएल!

**ब्रिसबेन, 08 नवंबर 2024।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की मेगा नीलामी के लिए अपना नाम रजिस्टर कराया है। इस दौरान अपने लिए गए फैसले के बारे में खुलकर अपनी बात रखी। दरअसल, 5 नवंबर को जब बीसीसीआई की तरफ से आईपीएल के लिए रजिस्टर किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी की गई थी तो उसमें 42 साल के जेम्स एंडरसन का भी नाम था। एंडरसन ने अपना बेस प्राइस 1.25 करोड़ रुपये रखा है। ऐसा पहली बार है जब एंडरसन ने इस लीग में खेलने में रुचि जाहिर की। उनके इस फैसले से पूरा क्रिकेट जगत हैरत में है क्योंकि उन्होंने कुछ महीने पहले ही टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास लिया है। फिलहाल, एंडरसन ने इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कोचिंग स्टाफ के रूप में हाल ही में पाकिस्तान दौरे पर भी काम किया था और वो तेज गेंदबाजी सलाहकार भी थे। एंडरसन ने बीबीसी रेडियो 4 टुडे पॉडकास्ट में कहा कि मेरे अंदर अभी कुछ ऐसा है जो मुझे लगता है कि मैं अभी भी खेल सकता हूं।

# बोपन्ना/एब्डेन डबल्स ड्रॉ में बॉब ब्रायन ग्रूप में शीर्ष वरीय खिलाड़ियों से भिड़ेंगे



**ट्यूरिन,08 नवंबर 2024।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन को एटीपी फाइनल्स के डबल्स सेक्शन में उसी ग्रूप में रखा गया है जिसमें शीर्ष वरीयता प्राप्त मार्सेलो अरेवालो और मेट पैविक शामिल हैं।

गुरुवार को घोषित डबल्स ड्रॉ के अनुसार, वे बॉब ब्रायन ग्रूप में सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी तथा केविन क्राविएट्ज़ और टिम पुएट्ज़ के साथ शामिल होंगे। प्रत्येक ग्रूप की टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेलेंगी, इससे पहले कि शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचे। इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को इस इवेंट में छठी वरीयता दी गई है। दूसरे वरीय मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो ज़ेबालोस माइक ब्रायन ग्रूप से शीर्ष दावेदार होंगे, जबकि वेस्ले कूलहोफ़/निकोला मेक्टिक, मैक्स पर्सेल/जॉर्डन थॉम्पसन, हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन इस ग्रूप से सेमीफ़ाइनल स्पॉट के लिए दावेदारी करने वाली अन्य टीमें हैं।



## मोहम्मद नबी ने किया वनडे क्रिकेट से संन्यास का ऐलान

**नईदिल्ली, 08 नवंबर 2024।** अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के प्रमुख ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ने वनडे क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 इस प्रारूप में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। उन्होंने अपने फैसले की जानकारी अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) को भी दे दी है। एसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नसीब खान ने शुक्रवार (8 नवंबर) को इस खबर की पुष्टि भी कर दी है।

# हारिस रऊफ ने ऑस्ट्रेलिया में रच दिया इतिहास

### » ऐसा करिश्मा करने वाले पहले पाकिस्तानी गेंदबाज बने

**नईदिल्ली, 08 नवंबर 2024।** ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है। पहला मैच जीतकर मेजबान ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 1-0 से आगे चल रही है। अब दूसरे वनडे में दोनों टीमों एडिलेड ओवल में आमना-सामना हो रहा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पाकिस्तान की शानदार गेंदबाजी के सामने पोल खुल गई। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज एक-एक रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए। किसी भी बल्लेबाज ने क्रीज पर जमने की जेहमत नहीं उठाई, जिसका नतीजा ये हुआ कि पूरी टीम महज 35 ओवरों में ढेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा रन स्टीव स्मिथ ने बनाए। स्मिथ ने 48 गेंदों का सामना करते हुए 5 चौके और 1 छक्के की मदद से 35 रनों की पारी खेली। उनके



अलावा अन्य कोई बल्लेबाज 20 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। इस तरह ऑस्ट्रेलिया 163 रनों के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया को इतने कम स्कोर पर आउट करने का श्रेय पाकिस्तान की शानदार गेंदबाजी को जाता है जिन्होंने पहले ही ओवर से कसी हुई गेंदबाजी कि और मेजबान टीम के किसी भी बल्लेबाज को क्रीज पर जमने नहीं दिया। पाकिस्तान के लिए वैसे तो सभी गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन हारिस रऊफ ने 5 विकेट लेकर कमाल ही कर दिया। रऊफ ने जोश इंग्लिस, मार्नश लाबुशेन, आरोन हार्डी, ग्लेन मैक्सवेल और पैट कमिंस को अपना शिकार बनाया। तेज गेंदबाज ने 8 ओवर में 35 रन देकर ऑस्ट्रेलिया की आधी टीम को पवेलियन की राह दिखाई। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत हारिस रऊफ ने इतिहास रच दिया।दरअसल, हारिस रऊफ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैच में एडिलेड ओवल में 5 विकेट लेने वाले पहले पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हैं। ओवरऑल ऐसा करने वाले वह दूसरे पाकिस्तानी गेंदबाज हैं।

# विजय देवरकोंडा मुंबई में एक छोटी दुर्घटना का हुए शिकार हुए



अभिनेता विजय देवरकोंडा मुंबई में एक इमारत से बाहर निकलते समय एक छोटी दुर्घटना का शिकार हो गए। सीढ़ियों से उतरते समय अभिनेता ने अपना संतुलन खो दिया, लेकिन मुस्कुराते हुए जल्दी से अपना संतुलन वापस पा लिया। अभिनेता के साथ हुई एक छोटी दुर्घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। क्लिप में,लाइगर स्टार सीढ़ियों पर कुछ पल के लिए अपना संतुलन खोते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे वे थोड़ी देर के लिए लड़खड़ा गए। हालांकि, कुछ ही सेकंड में विजय ने अपना संतुलन संभाला और मुस्कुराते हुए अपने ट्रेडमार्क आकर्षण से घटना को आसानी से टाल दिया।

वीडियो ऑनलाइन सामने आने के तुरंत बाद, जहां प्रशंसकों ने अभिनेता के लिए चिंता व्यक्त की, वहीं कई नेटिज़न्स ने गोपनीयता के हनन की निंदा की और लोगों से वीडियो को हटाने का आग्रह किया।एक उपयोगकर्ता ने लिखा, यह किसी के साथ भी हो सकता है। यह सिर्फ पैर फिसलने की वजह से हुआ है। साथ ही, कोई चोट भी नहीं आई। क्या यह प्रदर्शन के लिए इतनी महत्वपूर्ण वस्तु है? मुझे व्यक्तिगत रूप से ऐसा नहीं लगा। एक अन्य ने कहा, एक बार जब आप सेलिब्रिटी बन जाते हैं तो आपके पास निजता नहीं रहती। कोई निजी जीवन नहीं होता। एक तीसरे यूजर ने टिप्पणी की,सब कुछ पोस्ट करना ज़रूरी है क्या? प्रियंका चोपड़ा ने बिल्कुल सही बोला था भारतीय पप्स को लेकर।शुक्रवार को, फैमिली स्टार को जसलीन रॉयल और राधिका मदन के साथ एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए देखा गया। विजय साहिबा नामक संगीत वीडियो में दिखाई देंगे, जिसमें जसलीन और मदन भी हैं। जसलीन के साथ अपने सहयोग के बारे में बात करते हुए, देवरकोंडा ने साझा किया, साहिबा पर काम करना एक बहुत ही सुखद अनुभव रहा। जसलीन का विज़न और संगीत के प्रति जुनून वास्तव में प्रेरणादायक है। मेरा मानना है कि यह गाना कई दिलों को छूएगा, और मैं इसका हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। उन्होंने कहा,साहिबा एक सदाबहार प्रेम गीत होने का वादा करता है। अपनी अनूठी संगीत शैली और दिल को छू लेने वाली रचनाओं के लिए जानी जाने वाली जसलीन ने इस प्रोजेक्ट में अपनी आत्मा डाल दी है, जिससे एक ऐसा शानदार गीत तैयार हुआ है जो दुनिया भर के श्रोताओं को पसंद आएगा। सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित साहिबा विजय और राधिका के बीच पहली बार स्क्रीन पर साथ काम करने का रोमांचक अनुभव है।




## फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का ट्रेलर जारी, पत्रकार की भूमिका में खूब जंचे विक्रांत मैसी

द साबरमती रिपोर्ट के टीजर में भारत के हालिया इतिहास की एक चौंकाने वाली और प्रभावशाली घटना की झलक देखने मिली थी लेकिन ये बस उस हादसे की झलक थी। मेकर्स ने अब तक दर्शकों को दिलचस्प पोस्टर्स के साथ बांधे रखा था। वहीं अब उस कड़वी सच्चाई को दिखाने वाली फिल्म का दमदार ट्रेलर को रिलीज हो गया है। 27 फरवरी 2002 की सुबह साबरमती एक्सप्रेस में क्या हुआ,इसकी सच्चाई को दिखाते हुए, द साबरमती रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार किया जाने वाला ट्रेलर अब सामने आ गया है। ये ट्रेलर हमें एक ऐसी घटना के सफर पर ले जाता है, जिसने भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक चेहरे को बदल दिया। इस घटना पर ये नजरिया कभी ज्यादा चर्चा में नहीं आया, लेकिन इसने कई जिंदगियों को प्रभावित किया है.विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा पत्रकारों के किरदारों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं. ट्रेलर से ये साफ हो गया है कि यह फिल्म एक गहरी छाप छोड़ेगी, जो इस दिल दहला देने वाली घटना की सच्चाई को उजागर करेगी और दर्शकों को जागरूक करेगी इस ट्रेलर में हिंदी भाषी और अंग्रेजी पत्रकारों के बीच का वैचारिक अंतर सामने लाया गया है, जो पश्चिमी प्रभाव से इंस्पायर होते हुए भी दुखद घटनाओं की राजनीति और कवरेज को प्रभावित करते हैं। बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले प्रेजेंट, द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं. फिल्म को धीरज सरना ने डायरेक्ट और शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन ने प्रोड्यूस किया है. द साबरमती रिपोर्ट 15 नवंबर 2024 को वर्ल्डवाइड सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# आजाद से राशा थडानी की पहली झलक आई सामने,अमन देवगन दिखे साथ



अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। पिछले कुछ समय से वह अपनी पहली फिल्म आजाद को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इस फिल्म में राशा की जोड़ी अजय देवगन के भांजे अमन देवगन के साथ बनी है।अब आजाद से राशा की पहली झलक सामने आ चुकी है। सामने आए पोस्टर में वह अमन के साथ नजर आ रही हैं। दोनों की केमिस्ट्री को प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं।राशा और अमन के अलावा फिल्म आजाद में अजय देवगन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।यह फिल्म अगले साल जनवरी में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। रोनी स्क्रूवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान अभिषेक कपूर ने संभाली है।अजय ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, हर याद गार कहानी की शुरु आत एक प्रेम कहानी से होती है।डायना पेंटी, मोहित मलिक और पीयूष मिश्रा जैसे कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

CMYK

# चुनाव में हुई देरी तो जनप्रतिनिधियों की जगह पर बैठेंगे प्रशासक

» छत्तीसगढ़ में निकायों और पंचायत के कार्यकाल हो रहे समाप्त...

» अभी तक चुनाव को लेकर असमंजस...




**रायपुर,08 नवम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर अभी तक असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इन संस्थाओं का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, लेकिन नए चुनाव कब होंगे, यह तय नहीं है। सरकार चाहती है कि पंचायत और निकाय चुनाव एक साथ कराए जाएं, लेकिन अगर समय पर चुनाव नहीं हो पाते हैं तो प्रशासक इन संस्थाओं का कामकाज संभालेंगे।

निकायों का कार्यकाल पांच साल का होता है। चुनाव आमतौर पर कार्यकाल खत्म होने से कुछ महीने पहले करा लिए जाते हैं। इसका मकसद यह होता है कि नई सरकार समय पर काम शुरू कर सके। इससे काम पर नेगेटिव असर नहीं पड़ता और सामान्य रफ्तार सुचारु काम होता रहता है।

### नए कानून में ये हो सकता है प्रावधान

हालांकि, इस बार चुनाव समय पर होने की संभावना कम दिख रही है। इसलिए छत्तीसगढ़ की साय सरकार एक नया कानून ला रही है, जिसके तहत अगर चुनाव तय समय पर नहीं हो पाते हैं तो अगले छह महीने तक प्रशासक ही कामकाज देखेंगे।

### महापौर और अध्यक्षों का चुनाव भी जनता द्वारा

सूत्रों के मुताबिक पंचायत और निकाय चुनाव एक साथ कराने के अलावा महापौर और अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता द्वारा कराने पर भी विचार चल रहा है।

### चुनाव में देरी के ये हो सकते हैं कारण

चुनाव को लेकर देरी के पीछे कई कारण बताये जा रहे हैं कि एक तो चुनाव आयोग को अपनी तैयारी के लिए समय चाहिए। दूसरा ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आना बाकी है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि चुनाव कराना राज्य निर्वाचन आयोग का काम है और सरकार चुनाव आयोग को निर्देश नहीं दे सकती है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### राज्य सरकार ने दो आईएफएस अधिकारियों के प्रभार बदले




» वी आनंद बाबू बने वन विकास निगम के एमडी

**रायपुर,08 नवम्बर 2024(ए)।** राज्य शासन ने दो आईएफएस (भारतीय वन सेवा) अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया है। इस फेरबदल में पीसीसीएफ तपेश झा को राज्य वन अनुसंधान संस्थान में पदस्थ किया गया है, जबकि वी आनंद बाबू को वन विकास निगम का प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया गया है।

### उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ संपन्न हुआ छठ महापर्व



श्रद्धालुओं में दिखा अभूतपूर्व उत्साह

**रायपुर,08 नवम्बर 2024(ए)।** संतान की सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की कामना के लिए चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने 36 घंटे का निर्जला व्रत भी पूरा किया। चौथे दिन श्रद्धालुओं ने उदयाचल सूर्य को अंतिम अर्ध्य अर्पित कर परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

### बीजापुर में 2 नक्सली ढेर



डीआरजी-सीआरपीएफकी कार्रवाई

**बीजापुर,08 नवम्बर 2024(ए)।** नक्सल प्रभावित इलाके में पुलिस नक्सली मुठभेड़ की खबर सामने आई है। मिली जानकारी के मुताबिक, रेकावाया के जंगल में मुठभेड़ हो रही है। वहीं, दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर भी सामने आई है। बता दें कि नक्सलियों और कोबरा 210 एवं डीआरजी के जवानों के बीच मुठभेड़ जारी है। पामेड़ और बॉसगुडा के बीच बीते लम्बे समय से जवान लगातार नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। बताया या रहा है कि, नक्सलियों की पीएलजीए बटालियन के सदस्य मौके पर मौजूद हैं।

## सड़कों की खस्ता हाल पर हाईकोर्ट ने लगाई फटकार



» फटकार के बाद शहर की सड़कें हुई चकाचक

**बिलासपुर,08 नवम्बर 2024 (ए)।** प्रदेश भर में सड़कों की दुर्दशा व खस्ता हाल से हो रही परेशानियों पर हाईकोर्ट ने खुद संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की। हाईकोर्ट के लगातार अफसरों व राज्य शासन को फटकार लगाते हुए सड़कों की स्थिति सुधारने आदेश दिया था। ऐसे में इसका असर शहर में देखने को मिल रहा है। शहर के कुछ क्षेत्रों की बेकार सड़कें चकाचक हो गई है। मरम्मत का कार्य तेजी से हो रहा है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट सड़कों की खराब हालत को सुधारने लगातार सुनवाई कर सरकार व निगम प्रशासन ने जवाब मांग रहा है। ऐसे में शहर की लगभग 20 से अधिक क्षेत्रों के सड़कों का मरम्मत कार्य पूरा किया गया है। लगातार हाईकोर्ट के मॉनिटरिंग का यह असर है। सालों से खराब सड़कों को मरम्मत किया जा रहा है। इसमें खास तौर पर नर्मदा नगर चौक के तरफ मुंगेली बाइपास रोड, मंगला चौक से उस्लापुर ओवर ब्रिज, मुंगेली नाका से सर्किट हाउस मध्यनगरी चौक से सत्यम चौक, सत्यम चौक से मगरपारा, मगरपारा चौक से भारतीय नगर चौक, सीएमडी चौक से गायत्री मंदिर चौक, रानी सती मंदिर रोड, पावर हास चौक से गुंबर पेट्रोल पंप तक, पुराना हरिभूमि चौक से बृहस्पति बाजार तक, देवकीनंदन चौक तक, भक्त कंवर राम गेट से साई मंदिर नेहरू नगर, नर्मदा नगर क्षेत्र, जगमल चौक, मन्नू चौक दयालबंद रोड, जेल रोड, राजेन्द्र नगर से डाकघर तक, आजाद चौक मंगला व सेंट फ्रांसिस चौक तक के सड़कों का मरम्मत किया गया है। वहीं अभी और भी क्षेत्रों का कार्य चलेगा।

### राज्य सरकार ने कहा था मरम्मत का कार्य होगा

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने राज्य सरकार से सड़कों की दुर्दशा को लेकर सवाल उठाए थे। तब महाधिवक्ता ने राज्य सरकार की तरफ से जवाब पेश करते हुए बताया था कि सड़कों की मरम्मत और पेच रिपेयरिंग के लिए राज्य शासन ने बजट जारी कर दिया है। जल्द ही सड़कों की मरम्मत का काम शुरू हो जाएगा।

## मासूम बेटी की गुहार पर हाईकोर्ट ने दिए निष्पक्ष जांच के आदेश



**बिलासपुर,08 नवम्बर 2024 (ए)।**छत्तीसगढ़ की राजनीति में हलचल मचा देने वाले लोहारीडीह निवासी शिवप्रसाद साहू की संदिग्ध मौत की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर उनकी नौ साल की बेटी ने जबलपुर हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका पर शुक्रवार को हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच, जिसमें चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ और जस्टिस विवेक जैन शामिल थे, ने सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने प्रारंभिक जांच में चूक होने की बात स्वीकार की और यह भी बताया कि उस समय हालात को देखते हुए शॉर्ट पोस्टमार्टम किया गया था। इसके बाद शव को बेटी को सौंप दिया गया था और परिजनों की उपस्थिति में उसे दफना दिया गया था। कोर्ट ने राज्य सरकार की रिपोर्ट पर नाराजगी जताते हुए कब्र खोदकर शव को निकालने और फिर से पोस्टमार्टम कराने का निर्देश दिया। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि पोस्टमार्टम में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति में परिवार के सदस्य भी मौजूद रहें और उसके बाद शव को दोबारा सम्मानपूर्वक दफनाया जाए।

### तन्खा का न्याय के लिए निःशुल्क लड़ाई

छत्तीसगढ़ की मासूम बेटी को न्याय दिलाने के लिए पूर्व महाधिवक्ता विवेक तन्खा ने सबसे पहले छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में पूर्व उप महाधिवक्ता संदीप दुबे के माध्यम से बेटी की ओर से याचिका दायर कराई। मामले की सुनवाई के बाद कानूनी क्षेत्राधिकार का हवाला देते हुए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने मध्यप्रदेश की अदालत में कानूनी लड़ाई लड़ने की सलाह दी थी। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की सलाह के बाद सीनियर एडवोकेट विवेक तन्खा ने जबलपुर हाई कोर्ट में मामला दायर किया। बता दें कि छत्तीसगढ़ की मासूम बेटी को न्याय दिलाने के लिए सीनियर एडवोकेट तन्खा मुफ्त में कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं।

## गैस सिलेंडर विस्फोट में युवक की मौत



**बिलासपुर,08 नवम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में बिलासपुर जिले के मोपका क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक वेल्डिंग की दुकान में काम कर रहे युवक की गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ, जब युवक गैस वेल्डिंग कर रह था तभी सिलेंडर फट गया।आवाज सुन लोग भी सहम गए हादसे में दुकान में काम कर रहे युवक की मौत हो गई, जिससे इलाके में शोक का माहौल है।

## नितिन गडकरी ने इंडियन रोड कांग्रेस के 83 वें वार्षिक अधिवेशन का किया शुभारंभ



**रायपुर,08 नवम्बर 2024(ए)।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इंडियन रोड कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री अरूण साव कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हैं। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, प्रमुख अभियंता केके पीपरी, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित है। सड़क निर्माण और सड़क सुरक्षा से जुड़े देशभर के विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, अभियंता और अधिकारी अधिवेशन में शामिल हो रहे हैं।

## बीएड कॉलेज खोलने की घोषणा की सीएम विष्णुदेव साय ने



**रायपुर,08 नवम्बर 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण करते हुए बलौदाबाजार में बीएड महाविद्यालय खोलने और ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिए 60 करोड़ 20 लाख रूपए की लागत के अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इन कार्यों में से 32 करोड़ 32 लाख रूपए की लागत के 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 27 करोड़ 88 लाख रूपए की लागत के 32 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद कमलेश जांगड़े और विधायक गुरू खुशवंत साहेब भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत मकानों में से 2100 हितग्राहियों को आवास के स्वीकृति पत्र एवं 51 हितग्राहियों को घर की चाबी सौंपी। उन्होंने इस जिले में संचालित ''हम होंगे कामयाब अभियान'' के अंतर्गत 51 युवाओं को सम्मान पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में किसानों ने 3100 रूपए प्रति क्विंटल तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के लिए मुख्यमंत्री श्री साय को धान से भरे टुकनी एवं पर्रा भेंट कर उनके प्रति आभार प्रकट किया।

## ईओडब्ल्यू ने सौम्या चौरसिया को किया गिरफ्तार




**रायपुर,08 नवम्बर 2024(ए)।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव रहीं सौम्या चौरसिया की मुश्किलें खत्म होती नजर नहीं आ रही है. ताजा घटनाक्रम में ईओडब्ल्यू ने उन्हें को आय से अधिक संपत्ति मामले में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया. ईओडब्ल्यू कोर्ट से 10 दिनों का रिमांड दिया है, जिसकी वजह से अब सौम्या चौरसिया 18 नवंबर तक एसीबी/ईओडब्ल्यू की रिमांड पर रहेंगी। बता दें कि राज्य की भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने 2 जुलाई को निलंबित आईएएस अधिकारियों रानू साहू और समीर विश्नोई के साथ-साथ राज्य सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988/ संशोधित अधिनियम, 2018 की संबंधित धाराओं के तहत भ्रष्टाचार के आरोप में तीन नई प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके पहले कोयला लेवी घोटाले में धनशोधन (मनीलॉड्रिंग) पहलू की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने दिसंबर 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री कार्यालय में उप सचिव सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया था, मामले में निलंबित आईएएस समीर विश्नोई और निलंबित आईएएस रानू साहू को कोयला लेवी मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था।

## 12 वीं की छात्रा हुई गर्भवती,छात्रावास में हड़कंप



**सुकमा,08 नवम्बर 2024(ए)।** जिले के एकलव्य आदिवासी बालिका छात्रावास में पढ़ने वाली छात्रा गर्भवती हो गई है। छात्रा 12वीं में पढ़ाई करती है और दशहरा व दीपावली की छुट्टी पर घर गई थी। जब लौटी तो उसका मेडिकल करवाया गया। रिपोर्ट में पॉजिटिव पाई गई। जानकारी के मुताबिक, अक्टूबर में दशहरा और दिवाली की छुट्टी में छात्रा अपने घर गई थी। 5 नवंबर को जब वो एकलव्य हॉस्टल लौटी तो उसका मेडिकल करवाया गया। रिपोर्ट में पॉजिटिव पाई गई, जिसके बाद हॉस्टल में हड़कंप मच गया। छात्रावास की अधीक्षिका ने उसे वापस अपने घर भेज दिया है। दरअसल, हॉस्टल में नियम है कि अगर कोई छात्रा लंबे समय तक छुट्टी पर रहती है तो लौटने पर उसका अनिवार्य रूप से मेडिकल कराया जाता है। इसी के तहत छात्रा का मेडिकल कराया गया था। फिललहाल, छात्रा कैसे गर्भवती हुई इसकी जांच की जा रही है। इस मामले में अफसरों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि मामला है क्या... जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## छत्तीसगढ़ पुलिस ने अपराधी का किया एनकाउंटर




**भिलाई,08 नवम्बर 2024(ए)।** टाउनशिप में सरेआम गोलीबारी करने वाला आरोपी का पुलिस ने आज शाम एनकाउंटर कर दिया। आरोपी के भिलाई में होने पर की सूचना पर एक टीम उसे पकड़ने पहुंची थी इस बीच आरोपी ने पुलिस वहां पर फायरिंग करके फायरिंग शुरू कर दी। इस बीच बचाव में पुलिस में फायर शुरू कर दिया। इस दौरान आरोपी अमित जोश को गोली लगने पर गंभीर रूप से घायल हो गया।इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्ग में चार महीने से फरार चल रहे गोलीकांड के आरोपी अमित जोशी को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए गई हुई थी, जवानों को देखकर आरोपी ने उनपर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इस दौरान वो मारा गया। बता दें कि 25 और 26 जून 2024 को पार्किंग के विवाद में भिलाई थाना क्षेत्र में आरोपी आमित जोशी ने तीन लोगों पर गोली चला दी थी। घटना के बाद से आरोपी फरार था। इसी बीच दुर्ग पुलिस को आज शाम सूचना मिली कि अमित जोशी भिलाई नगर के जयंती स्टेडियम के पीछे पहुंचा हुआ है। क्राईम और दुर्ग पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में आरोपी मारा गया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)